दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
सिर्फ सच...
● नई दिल्ली। मंगलवार 29 अप्रैल-2025 ● वर्ष : 10 अंक : 129 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3

## पहलगाम हमला : देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह पीएम मोदी से मिले

### देश की सुरक्षा तैयारियों की दी जानकारी



**नई दिल्ली:** पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने पहुंचे। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी को देश की सुरक्षा तैयारियों के बारे में जानकारी दी। इससे पहले, राजनाथ सिंह ने सीडीएस जनरल अनिल चौहान से भी मुलाकात की थी। उन्होंने पहलगाम में हुए भयानक आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई पर चर्चा की। पीएम मोदी और रक्षा मंत्री के बीच 40 मिनट तक चली बैठक।

**चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ से मुलाकात :** पीएम मोदी से मिलने से पहले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान से मुलाकात की थी। यह मुलाकात दिल्ली में रक्षा मंत्री के आवास पर हुई। दोनों ने लगभग 40 मिनट तक बात की। यह मीटिंग पहलगाम में आतंकी हमले के बाद हुई है। इस हमले में अलग-अलग राज्यों के 26 पर्यटकों की जान चली गई थी। यह दुखद घटना 22 अप्रैल को हुई थी।

**सैन्य रणनीति के बारे में जानकारी दी :** माना जा रहा है कि जनरल अनिल चौहान ने रक्षा मंत्री को आतंकवाद को खत्म करने के लिए बनाई जा रही सैन्य रणनीति के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सेना किस तरह से तैयारी कर रही है।




# आरडीसी में भयंकर आग के बाद फैली दहशत

## दमकलकर्मी और पुलिस नहीं दिखाते तत्परता, तो हो जाता बड़ा नुकसान




### डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद आग और भीषण धुएं पर पाया गया काबू

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** सोमवार को कवि नगर थानाक्षेत्र के राजनगर डिस्टिक सेंटर में आदित्य बिल्डिंग 12ए में आग लगने की ऐसी तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। आग को जिसने भी देखा वह दंग रह गया। सामेवार को दोपहर करीब 3:15 बजे के आसपास फायर स्टेशन कोतवाली को यहां आग लगने की सूचना मिली। सूचना लगने के कुछ देर में ही कचहरी पर ड्यूटी पर तैनात फायर टेंडर फायर स्टेशन कोतवाली से तीन फायर टैंकर घटनास्थल के लिए रवाना किए गए। इसके साथ ही कवि नगर थाना प्रभारी योगेंद्र मलिक, नाका प्रभारी आरडीसी सचिन कटारिया और स्थानीय पुलिसकर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे। साथ ही स्थानीय लोगों की मदद से आग बुझाने का काम शुरू किया गया। वहीं मुख्य अग्निशमन राहुल पाल ने बताया है कि आग आठवीं फ्लोर से लेकर दूसरे फ्लोर तक इलेक्ट्रिक शाफ्ट में लग गई थीं। जिसकी वजह से पूरी बिल्डिंग में भयंकर धुआ हो गया था। लोगों को बाहर निकालना और बचाव कार्य में परेशानी हो रही थी, बावजूद इसके दमकल कर्मियों ने हौज पाइप फैला कर आग बुझाने का काम शुरू किया। इस दौरान दमकल कर्मियों को लगभग डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। तो वहीं लगभग 42 मीटर लंबी हाइड्रोलिक प्लेटफार्म के जरिए लोगों को दूसरी, तीसरी और पांचवी माले से नीचे उतारा गया। इस दौरान कुछ लोगों ने खुद को आग से घिरा देख खिड़की-दरवाजे तोड़कर छज्जे पर खड़े हो गए और नीचे उतरने का प्रयास किया। इनकी सोशल मीडिया पर यह तस्वीरें भी वायरल हो रही हैं। आग की सूचना मिलते ही पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में अलग-अलग फायर स्टेशन से 10 दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंच गई थीं। जिसमें से 6 गाड़ियों का इस्तेमाल किया गया, आग में 70 से 80 लोग अलग-अलग तलों पर फंसे हुए थे, जिन्हें सुरक्षित निकाला गया है। इस हादसे में तीन लोग बेहोश हो गए थे, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है और फिर छुट्टी दी गई है। इस भीषण आग और भयावे तस्वीरें की जानकारी जैसे ही पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अन्य अधिकारियों को लगी तो वह भी मौके पर पहुंच गए थे। खुद डीसीपी सिटी जोन राजेश कुमार, कवि नगर एसीपी स्वतंत्र सिंह, थाना प्रभारी योगेंद्र मलिक, फायर स्टेशन घंटाघर कोतवाली प्रभारी शेषनाथ यादव, व नाका प्रभारी सचिन कटारिया सहित 50 के आसपास दमकलकर्मी मौके पर मौजूद रहे व पूरा ऑपरेशन संभाला। तो वहीं आधा दर्जन एंबुलेंस और प्रशासनिक अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए थे।

### रही गनीमत कि नहीं हुई कोई भी जनहानि वरना बढ़ जाती परेशानी

### सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है आग लगने की भीषण तस्वीरें

### दूर से नजर आ रहा था काला धुआं और ऑफिस में आ रही थीं बचाओ बचाओ की आवाज

करंट क्राइम : मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने बताया है कि आग की सूचना पर मौके पर शुरूआती तौर पर चार फायर टैंकर भेज दिए गए थे। आग की लपटें सातवें और आठवें फ्लोर पर थीं और उसका धुंआ इलेक्ट्रिक सॉफ्ट से नीचे पहुंच रहा था। इसके साथ ही आग बुझाने के लिए फायर स्टेशन वैशाली से तीन फायर टेंडर, हाइड्रोलिक प्लेटफार्म और फायर स्टेशन साहिबाबाद से एक फायर टेंडर को लगाया गया था। वहीं चौकी प्रभारी आरडीसी सचिन कटारिया मुंह पर मास्क पहनकर के सीढ़िओं के रास्ते ऊपर गए और लोगों को बचाने का काम किया गया। इस दौरान अलग-अलग तलों पर मौजूद महिला और पुरुष स्टाफ बचाओ बचाओ की आवाज लग रहा था। धुंआ इतना ज्यादा था कि कुछ नजर नहीं आ रहा था। साथ ही आसपास की बिल्डिंगों से लोग वीडियो बना रहे थे और धुंआ आसपास ही नहीं बहुत दूर से देखा जा रहा था।

### समय पर नहीं पहुंचती दमकल की गाड़ियां, तो स्थिति हो जाती आउट ऑफ कंट्रोल



करंट क्राइम : राज नगर डिस्टिक सेंटर में आदित्य बिल्डिंग 12ए में जिस तरीके से शॉर्ट सर्किट के बाद अलग-अलग तल पर आग और धुआं फैला उससे कुछ भी हो सकता था। जिस तरीके से लोग दूसरी, तीसरी और पांचवी मंजिल की खिड़कियों का कांच तोड़कर जान बचाने का प्रयास कर रहे थे, वहां पर भी हादसा हो सकता था लेकिन दमकल कर्मियों ने सीढ़ियों व रस्सी लगाकर पहले रास्ता बनाया और फिर अलग-अलग मंजिलों में फंसे लोगों को बचाने और राहत का काम किया। आग की सूचना तेजी से फैली तो एंबुलेंस भी मौके पर पहुंच गई थीं। साथ ही पुलिस के कई आलाधिकारियों ने ऑपरेशन पूरा होने तक मौके पर कमान संभाले रखी और आवश्यक दिशा निर्देश देते रहे। इस दौरान गनीमत रही कि इस भीषण अग्नि हादसे और काले धुआं के फैलने पर कोई जनहानि नहीं हुई है।

### ऑफिसों के बाहर लग गई थी भीड़, हर कोई खोज रहा था अपने साथी

करंट क्राइम : राजनगर डिस्टिक सेंटर की आदित्य बिल्डिंग में जब लोगों ने दूर से ही काला धुआं और आग की लपेट देखी, तो वहां आसपास के ऑफिस में काम करने वाले लोगों ने एक दूसरे को फोन करना शुरू कर दिया। हर किसी को अपने साथी और जानकारों की चिंता सता रही थी, लेकिन गनीमत रही कि इस हादसे में कुछ लोग धुंआ और गैस की वजह से बेहोश हुए, उनकी आंखों में जलन और उनको तबीयत बिगड़ने पर अस्पताल ले जाया गया, हालांकि सभी की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। वही सोशल मीडिया पर जिस तरीके से हाइड्रोलिक प्लेटफार्म के जरिए लोगों को रेस्क्यू करने और आग और धुएं से डर के मारे घबराए लोग अलग-अलग फ्लोर की खिड़कियां तोड़कर खुद को बचाने की गुहार लगा रहे थे, वह भी जमकर वायरल हो रहा है।

### जब भाजपा और सपा के महानगर अध्यक्ष मौके पर पहुंचे



करंट क्राइम : सोमवार को राज नगर डिस्टिक सेंटर में जिस तरीके से आग फैल रही थी और धुआं वह आसपास का माहौल बदल रहा था, उसके बाद समाजवादी पार्टी के महानगर अध्यक्ष फैजल हुसैन, जिलाध्यक्ष वीरेंद्र यादव और भारतीय जनता पार्टी के महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल भी मौके पर पहुंचे। सभी ने सोशल मीडिया के माध्यम से भी इसकी जानकारी दी और खुद मौके पर पहुंचकर मदद और बचाव में लगे लोगों का हौसला बढ़ाने के साथ ही प्रशासनिक अधिकारियों से भी बातचीत की।

### जब सपा महानगर अध्यक्ष ने जिलाधिकारी को तत्काल लगाया फोन



करंट क्राइम : राजनगर डिस्टिक सेंटर में आदित्य बिल्डिंग 12ए में आग की लपटें और धुआं दूर से ही नजर आया तो समाजवादी पार्टी के महानगर अध्यक्ष फैजल हुसैन ने बताया है कि वह कार्यालय से बाहर निकले तो धुएं देखते ही उन्होंने तत्काल जिलाधिकारी दीपक मीणा को फोन मिलाया। तो डीएम ने भी उन्हें जानकारी दी की घटना स्थल पर पुलिस, दमकल और अन्य बचाव स्टाफ पहुंच गया है। इसके बाद खुद फैजल घटनास्थल पर पहुंचे और काफी लंबे समय तक मौजूद रहे।

### पुलिसकर्मियों ने शुरू से लेकर अंत तक संभाले रखी बचाव वाली कमान



करंट क्राइम : घंटाघर फायर स्टेशन को लगभग 3:15 बजे के आसपास आग लगने की सूचना मिली थी। आग लगने की सूचना जैसे ही कवि नगर थाना प्रभारी योगेंद्र मलिक को पहुंची, उन्होंने नाका प्रभारी सचिन कटारिया को मौके पर भेजा, वह खुद भी पहुंचे। साथ ही अगा लगने के कुछ देर में ही डीसीपी सिटी जोन राजेश कुमार खुद मौके पर पहुंच गए थे। वहीं एसीपी कवि नगर स्वतंत्र सिंह भी इस दौरान आग बचाव राहत कार्य में शामिल रहे। तो वहीं जब आग पर दमकल कर्मियों ने काबू पा लिया था, उसके बाद थाना प्रभारी कवि नगर योगेंद्र मलिक ने लाउडस्पीकर लेकर अनाउंस किया कि सभी अपने-अपने साथियों और कर्मचारियों के बारे में जानकारी कर लें, कहीं कोई हताहत तो नहीं है अगर कोई सूचना मिलती है तो तत्काल उनको भी अवगत कराया जाए।

### 70 से 80 लोगों के फंसे होने की सूचना पर मंगाई गई थी, 42 मीटर की हाइड्रोलिक मशीन



करंट क्राइम : उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा बीते दिनों गाजियाबाद दमकल विभाग को 42 मीटर ऊंची हाइड्रोलिक प्लेटफार्म मशीन दी गई थी, जो बहुमंजिला इमारतों और बड़ी आग लगने में राहत एवं बचाव के लिए इस्तेमाल की जाती है। सोमवार को राजनगर डिस्टिक सेंटर स्थित बिल्डिंग 12ए में लगी भीषण आग और धुएं के दौरान इसका खासा इस्तेमाल रहा। इसकी वजह से कई लोगों की जान बच गई, तो वहीं उनका समय रहते हादसे में गिरने से भी बचा लिया गया। कुल मिलाकर मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने जानकारी दी है कि 42 मीटर की इस हाइड्रोलिक प्लेटफार्म की वजह से 70 से 80 फंसे लोगों को बिना किसी जनहानि के बचा लिया गया।

### सपा कार्यालय प्रभारी राहुल रावत ने भी मदद को बढाए थे हाथ



करंट क्राइम : राजनगर डिस्टिक सेंटर की बहुमंजिला इमारत में आग लगी तो आसपास के लोगों से लेकर पुलिस और अन्य लोगों ने बचाव व राहत कार्य में योगदान दिया। तो वहीं समाजवादी पार्टी के कार्यालय पर कार्यालय प्रभारी की जिम्मेदारी संभालने वाले राहुल रावत भी मुंह पर कपड़ा लपेटकर बिल्डिंग में चढ़ गए और आग में फंसे लोगों को बचाने के लिए मदद की। वह काफी देर तक मौजूद रहे, इस दौरान उनकी थोड़ी सी हालत भी बिगड़ गई थी, तब भी वह दूसरे लोगों की मदद करने से पीछे नहीं हटे।

### अधूरे थे फायर फाइटिंग से बचाव के इंतजाम, कोर्ट में चल रहा है बिल्डिंग का वाद



करंट क्राइम : दमकल विभाग के अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार सोमवार को राजनगर डिस्टिक सेंटर के आदित्य बिल्डिंग में जहां आग ने अपना तांडव मचाया, तो वहीं इसकी दहशत आसपास के लोगों में साफ नजर आ रही थी अग्निशमन विभाग के अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार वर्ष 2023 में इस बिल्डिंग में फायर फाइटिंग के उपयुक्त इंतेजामात ना होने और लगे उपकरण खराब होने को लेकर नोटिस जारी किया गया था। इस नोटिस के बाद जब दमकल विभाग की ओर से कार्रवाई शुरू की गई, तो इस मामले में कोर्ट में वाद दायर कर दिया गया और तब से यह पूरा मामला कोर्ट में चल रहा है। जिस वजह से इस पूरी लापरवाही पर कार्रवाई नहीं हो पाई।





## जीडीए का व्हीकल फ्री जोन स्थल बना आग एवं बचाव कार्य में बड़ी अड़चन

**- जगह-जगह अतिक्रमण और उबड़ खाबड़ रास्ता वाहनों के आवाजाही में बना टेंशन**

**- बिल्डिंग में नीचे हैं व्यावसायिक दुकान और दर्जनों कार्यालय**

**- दमकल कर्मियों को बिल्डिंग के पास तक गाड़ी लगाने में आई थी परेशानी**



गाजियाबाद, करंट क्राइम : राज नगर डिस्टिक सेंटर की आदित्य बिल्डिंग 12ए में आग ने जिस तरीके से धुएं और चीख पुकार का मंजर प्रदर्शित किया, उसे शुरूआत में तो हालत आउट ऑफ कंट्रोल वाली नजर आ रही थी, लेकिन दमकल कर्मियों ने तत्परता का परिचय दिया, जल्द से जल्द आग बुझाई और बचाव कार्य दिखाया। जिसकी वजह से बड़ा हादसा होने से बच गया और कोई जनहानि भी नहीं हुई लेकिन इस बिल्डिंग के निकट जीडीए द्वारा बनाया गया ना व्हीकल जोन स्थल और कमर्शियल दुकानों का प्रांगण भी आग बुझाने में अड़चन पैदा कर रहा था।

यहां आस-पास जबरदस्त अतिक्रमण है और रास्ता भी ठीक नहीं था। जिसकी वजह से दमकल की गाड़ियों को बिल्डिंग के पास तक पहुंचने और मुड़ने में आगे तक ले जाने में परेशानी हो रही थी।

इसका अधिकारियों ने सामना किया और दमकल कर्मियों को काफी मशक्कत भी करनी पड़ी।

### अगर नीचे तक फैल जाती आग, तो मच जाती भगदड़ और बिगड़ जाते हालात





करंट क्राइम : राज नगर डिस्टिक सेंटर में जिस तरीके से आदित्य बिल्डिंग में आग लगी थी, आग की लपटें आठवी फ्लोर से दूसरे फ्लोर तक नहीं पहुंची लेकिन आग के काले गैस वाले धुएं ने लोगों को परेशानी में डाल दिया था। वहीं गनीमत रही कि यह आग ग्राउंड फ्लोर और नीचे तक नहीं पहुंची वरना आसपास की दुकानों और होटल, रेस्टोरेंट के साथ ही बड़े बाजार को नुकसान हो सकता था। ऐसी स्थिति में यहां भगदड़ जैसी स्थिति भी पैदा हो सकती थी। साथ ही आग लगने के दौरान बड़ी संख्या में मुख्य मार्ग पर वाहनों की कतारें के साथ ही बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जमा हो गई थी, इसकी वजह से भी दमकल कर्मियों को आग बुझाने में मशक्कत का सामना करना पड़ रहा था।

### सावधान शहर में दर्जनों इमारतों में नहीं है मानकों के अनुरूप आग बुझाने के इंतजाम





करंट क्राइम : गर्मियों का मौसम है और ऐसे में शॉर्ट सर्किट और छोटी सी चिंगारी के बाद आग बड़ा रूप ले लेती है। दमकल विभाग लगातार साल भर लोगों को आग से बचाव और प्रशिक्षण कार्यक्रम भी करवाता है। तो समय-समय पर अग्नि हादसों के दौरान वहां पहुंचने के लिए निरंतर अभ्यास भी कराया जाता है। बावजूद इसके पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अंतर्गत आने वाले तीनों जोन में बड़ी संख्या में आज भी ऐसी बहुमंजिला इमारतें और कमर्शिल एरिया है, जहां आग से बचाव और हालात पर काबू पाने के पुख्ता और मानक अनुसार इंतजाम नहीं हैं। जिसकी वजह से कभी भी गाजियाबाद में अग्नि हादसे के बाद आमजन को बड़ा नुकसान उठाना पड़ सकता है। तो वहीं बड़ी जनहानि भी हो सकती है। इसके साथ ही सरकारी मशीनरी और सरकारी विभागों को भी आग से बचाव वाले प्लान पर गंभीरता से ध्यान देने की आवश्यकता है।



# पहलगाम अटैक : जम्मू-कश्मीर विधानसभा में रखा गया मौन

## 'मेजबान के नाते सुरक्षा मेरी जिम्मेदारी थी', उमर अब्दुल्ला

## 'पीड़ितों से माफी मांगने के लिए मेरे पास अल्फाज नहीं' : सीएम

# 'बंदूक से आतंकवाद को कंट्रोल कर सकते हैं, लेकिन खत्म नहीं'

### 'ये मौका आतंकवाद के खात्मे की शुरुआत'

**जम्मू-कश्मीर।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद आज जम्मू विधानसभा का विशेष सत्र बुलाया गया है। सत्र में आतंकी हमले की निंदा करने के साथ आतंकी हमले में जान गंवाने वालों को श्रद्धांजलि दी गई।

पहलगाम हमले के बाद केंद्र सरकार की ओर से उठाए गए कदमों के समर्थन में सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित किया जा सकता है। विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं का कहना है कि दहशतगर्दी के खिलाफ यह सत्र खास होगा।

पहलगाम हमले के बाद मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने उपराज्यपाल मनोज सिन्हा से विधानसभा का विशेष सत्र बुलाने का आग्रह किया था। इस आग्रह को उपराज्यपाल ने स्वीकार करते हुए 28 अप्रैल को विशेष सत्र बुलाने की मंजूरी दी थी। नेता प्रतिपक्ष सुनील शर्मा ने कहा कि बीते दिनों हुई सर्वदलीय बैठक में सभी ने आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता दिखाई।

जम्मू-कश्मीर के विधायकों ने पहलगाम आतंकी हमले के पीड़ितों के लिए मौन रखा। जम्मू-कश्मीर विधानसभा ने पहलगाम आतंकी हमले की निंदा करने के लिए आज एक दिवसीय सत्र बुलाया है।

### 'यह एक क्रूर हमला था'

जम्मू, जम्मू-कश्मीर में पहलगाम हमले पर, नेशनल कॉन्फ्रेंस के मुख्य सचेतक मुबारक गुल ने कहा, यह एक क्रूर हमला था... एक निर्दोष की हत्या पूरी मानवता की हत्या है... यह हमारी संस्कृति नहीं है... पूरे कश्मीर ने इस हमले की निंदा की है... जम्मू-कश्मीर विधानसभा की कार्यवाही पर, उन्होंने कहा, हम आपको विधानसभा में जो कुछ भी होगा, उसके बारे में बताएंगे...।





## 'कोई कश्मीरी इस आतंकी हमले के साथ नहीं' | 'आदिल ने जान पर खेल लोगों को बचाया'

### 'आतंकवाद को जड़ से खत्म किया जाना चाहिए'

पहलगाम आतंकी हमले पर जम्मू-कश्मीर विधानसभा के विशेष सत्र पर जम्मू-कश्मीर के नेता प्रतिपक्ष सुनील शर्मा ने कहा, यहां पर्यटक के तौर पर आए लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त की जाएगी, लेकिन यहां से सिर्फ उनके शव ही वापस गए। यह बहुत दुखद है। हम इसके खिलाफ एकजुट हैं। यह आज का एजेंडा है... जिस तरह से मुख्यमंत्री ने सर्वदलीय बैठक में प्रस्ताव लाया, हम उसका स्वागत करते हैं... पीएम मोदी के बयान पर उन्होंने कहा, हम उनसे सहमत हैं और हम सभी को इसका समर्थन करना चाहिए। आतंकवाद को जड़ से खत्म किया जाना चाहिए... अगर सीमा पर सीजफायर का उल्लंघन होता है, तो हमारे जवान मुंहतोड़ जवाब देने में सक्षम हैं और हम पहले से ही जवाब दे रहे हैं...

### 'पूरे देश को कश्मीर के साथ खड़ा होना चाहिए'

पहलगाम आतंकी हमले पर नेशनल कॉन्फ्रेंस के विधायक तनवीर सादिक ने कहा, ...मुझे लगता है कि देश में हमारी पहली विधानसभा है जो इस घटना की निंदा करते हुए प्रस्ताव ला रही है....कश्मीरी और कश्मीरी मुसलमान दुश्मन नहीं हैं। पूरे देश को कश्मीर के साथ खड़ा होना चाहिए...उन्हें (आतंकवादियों को) पकड़ना और सलाखों के पीछे डालना हमारा अधिकार है।

### श्रीनगर बार्डर पर फिर गूंजी गोलियों की आवाज, एलओसी पर फायरिंग, भारत ने भी जवाब दिया



श्रीनगर। शनिवार देर रात पाकिस्तानी सेना ने की फायरिंग, भारत ने दिया मुंहतोड़ जवाबअमर उजाला ब्यूरोश्रीनगर। पाकिस्तानी सेना ने शनिवार देर रात चौकियों से तुतमारी गली और रामपुर सेक्टर पर फायरिंग की। जिसका भारतीय सेना ने मुंहतोड़ जवाब दिया। सीमा पर गोलीबारी से सीमावर्ती गांवों में बेचैनी है। किसान खेतों में जाने से बच रहे हैं। भारतीय सेना के अनुसार 26-27 अप्रैल की रात को पाकिस्तानी सेना की चौकियों से तुतमारी गली और रामपुर सेक्टर के सामने नियंत्रण रेखा के पार बिना उकसावे के छोटे हथियारों से गोलीबारी शुरू हो गई। हमारे सैनिकों ने उचित छोटे हथियारों से गोलीबारी का प्रभावी ढंग से जवाब दिया। वहीं उड़ी सेक्टर के सिलीकुट गांव निवासी इरशाद ने बताया कि फिलहाल गांव में शांति तो है, लेकिन गोलीबारी का खौफ भी बना हुआ है।

**जम्मू-कश्मीर विधानसभा में प्रस्ताव पेश :** जम्मू-कश्मीर विधानसभा ने सोमवार को पहलगाम आतंकी हमले की निंदा की और सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति की बैठक के बाद केंद्र सरकार द्वारा घोषित कूटनीतिक उपायों का समर्थन किया। उपमुख्यमंत्री सुरिंदर चौधरी ने पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के संबंध में विशेष सत्र के दौरान जम्मू-कश्मीर विधानसभा में एक प्रस्ताव पेश किया।

**प्रस्ताव में आतंकी हमले की निंदा की :** प्रस्ताव में इस हमले को 'कश्मीरियत', संविधान और जम्मू-कश्मीर में एकता, शांति और सद्भाव की भावना पर हमला बताया गया और पीड़ितों और उनके परिवारों के साथ पूरी एकजुटता व्यक्त की गई तथा प्रभावित लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त की गई। प्रस्ताव में आतंकी हमले की निंदा की गई और पीड़ितों के साथ एकजुटता व्यक्त की गई।

**'हमले ने हमें खोखला कर दिया' :** जम्मू-कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला ने कहा, कोई भी इस हमले का समर्थन नहीं करता है। इस हमले ने हमें खोखला कर दिया है। हम इसमें उम्मीद की किरण तलाशने की कोशिश कर रहे हैं... पिछले 26 सालों में मैंने कभी लोगों को इस तरह के हमले के खिलाफ प्रदर्शन करते नहीं देखा।

### '26 साल में कश्मीरियों को ऐसे नहीं देखा'

विधानसभा में मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा कि कश्मीरी ये हमले नहीं चाहते हैं। कोई कश्मीरी इस हमले के साथ नहीं है।

इस हमले ने हमें खोखला कर दिया है। सैलानियों को हमने बुलाया था। उनको सुरक्षित भेजने की जिम्मेदारी मेरी थी। 26 साल में कश्मीरियों को ऐसे नहीं देखा। उन्होंने कहा कि बहुत मुश्किल है इन हालात में रोशनी ढूंढना। पीड़ितों से माफी मांगने के लिए मेरे पास शब्द नहीं है।

उन बच्चों और पत्नियों को सांत्वना नहीं दे पाया। ये समझ से परे है कि क्या कहकर माफी मांगूं। पीड़ितों से माफी मांगने के लिए मेरे पास शब्द नहीं है।

सीएम ने कहा कि बंदूक से आतंकवाद को कंट्रोल कर सकते हैं, लेकिन खत्म नहीं कर सकते। आतंकवाद तब खत्म होगा, जब लोग हमारे साथ होंगे।

सीएम उमर ने कहा कि कठुआ से लेकर कुपवाड़ा तक शायद ही ऐसा कोई शहर या गांव ऐसा होगा, जहां लोगों ने घरों से बाहर आकर इस हमले की निंदा नहीं की।

### 'ऐसे मौके पर राज्य का दर्जा मांगा तो लानत होगी'

### श्रद्धांजलि देने के लिए दो मिनट का मौन रखा

विधानसभा के सदस्यों ने 22 अप्रैल को हुए हमले में मारे गए 26 लोगों को श्रद्धांजलि देने के लिए दो मिनट का मौन भी रखा। प्रस्ताव दस्तावेज के अनुसार, यह सदन पहलगाम में निर्दोष नागरिकों पर किए गए बर्बर और अमानवीय हमले पर गहरा सदमा और पीड़ा व्यक्त करता है। यह सदन इस जघन्य, कायरतापूर्ण कृत्य की स्पष्ट रूप से निंदा करता है जिसके परिणामस्वरूप निर्दोष लोगों की जान चली गई। जम्मू-कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला ने कहा कि इस घटना ने पूरे देश को प्रभावित किया है।

# जम्मू-कश्मीर में आतंक पर प्रहार

## सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट, डोडा में 13 ठिकानों पर छापेमारी

**इन कार्रवाइयों का लक्ष्य आतंकियों के ठिकानों का भंडाफोड़ करना है और आतंकवादी गतिविधियों से जुड़े लोगों पर कानूनी शिकंजा कसना है।**



**जम्मू।** पहालगाम आतंकी हमले के बाद सोमवार सुबह जम्मू-कश्मीर पुलिस ने डोडा जिले में 13 स्थानों पर एक साथ छापेमारी की। इन कार्रवाइयों का लक्ष्य आतंकियों के ठिकानों का भंडाफोड़ करना है और आतंकवादी गतिविधियों से जुड़े लोगों पर कानूनी शिकंजा कसना है।

22 अप्रैल को पहलगाम के बायसरन में हुए आतंकी हमले में 26 लोगों की मौत हो गई, जिनमें एक नेपाली था। इस हमले में बहुत से लोग घायल हो गए। घटना के बाद से घाटी की सुरक्षा और अधिक बढ़ा दी गई है।

साथ ही, श्रीनगर पुलिस ने आतंकियों के नेटवर्क से जुड़े लोगों के खिलाफ व्यापक कार्रवाई की, शहर में कई स्थानों पर छापेमारी करते हुए। यह छापेमारी प्रतिबंधित आतंकी संगठनों के ओवरग्राउंड वर्कर्स और उनके सहयोगियों के घरों पर हुई। पुलिस ने बताया कि कुल 63 लोगों के घरों में छापे डाले गए।

पुलिस ने कहा कि गवाहों और कार्यकारी मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में तलाशी अभियान किया गया था। इसका लक्ष्य हथियार, दस्तावेज, डिजिटल उपकरण और अन्य सामग्री बरामद करना है और आतंकवादी गतिविधियों की साजिशों का पता लगाना है।

कटड़ा होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश वजीर ने बताया कि जम्मू-कश्मीर में पहलगाम हमले से पर्यटन भी प्रभावित हुआ है।

उनका कहना था कि अब तक लगभग 35 से 37% होटल बुकिंग रद्द हो चुकी हैं। अमरनाथ यात्रा में भी यात्रियों की संख्या 45,000 से घटकर 20,000 से 22,000 तक रह गई है।

# दिल्ली के सीलमपुर में फिर युवक की गोली मारकर हत्या




### लोगों में डर का माहौल.. पुलिस पर उठे सवाल

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में मौत का सिलसिला लगातार जारी है। एक बार फिर सीलमपुर में हत्या की वारदात सामने आई है। सीलमपुर में देर रात एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी है।

पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। वहीं आरोपी घटना को अंजाम देकर फरार हो गए। वहीं इस घटना के बाद स्थानीय लोगों में डर का माहौल बना हुआ है। अभी हाल ही में दिल्ली के न्यू सीलमपुर जे ब्लॉक में कुणाल नाम के युवक की हत्या कर दी गई थी। जिसके बाद इलाके में तनाव का माहौल बना रहा।

इस मामल में पुलिस ने लेडी डॉन जिकरा को गिरफ्तार किया। जांच में सामने आया है कि कुणाल की हत्या जानलेवा हमले का बदला लेने की गई है।

पुलिस अधिकारिक रूप से इस मामले में कुछ भी कहने से बची, लेकिन पुलिस सूत्रों का कहना है कि अभी तक की तकनीकी जांच में पता चला है कि दूध लेने के लिए जा रहे कुणाल को साहिल और उसकी बहन जिकरा सहित उनके अन्य दोस्तों ने रोक लिया।

# सपा सांसद रामजीलाल के काफिले पर हमला, टायर फेंके... मारपीट की

**अलीगढ़।** सपा सांसद पर हमले के मामले में उनके काफिले की अगुवाई कर रहे थाने के दरोगा ने 15 लोगों पर मुकदमा दर्ज कराया है। जिसमें काफिले में शामिल समर्थकों संग हाथापाई-मारपीट का भी आरोप है। मुकदमे के आधार पर पांच लोग गिरफ्तार किए हैं। जिसमें एक श्रीराजपूत करणी सेना का जिला संयोजक व चार कार्यकर्ता शामिल हैं। वहीं वीडियो में टायर फेंकते नजर आ रहे लोगों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ताबड़तोड़ दबिश दे रही है।

यह मुकदमा थाने के दरोगा सुधीर कुमार ने कराया है। जिसमें कहा है कि वे आगरा से बुलंदशहर जा रहे सपा सांसद के काफिले को महरावल बॉर्डर से द्वितीय थाना मोबाइल जीप से स्क्वायड कराकर ले जा रहे थे। तभी टोल से पहले सोमना मोड़ पर 15 अज्ञात लोगों ने सपा सांसद के काफिले पर टायर फेंककर हमला किया। साथ में उनके काफिले को रोकने का प्रयास किया।



इस बीच काफिले में शामिल कुछ समर्थक अपनी गाड़ियों से उतरकर अपने नेता को बचाने आगे आकर आगे पीछे चलने लगे तो समर्थकों संग हाथापाई करते हुए मारपीट की गई। हालांकि खुद दरोगा ने उतरकर उपद्रवियों को पकड़ने का प्रयास किया। मगर वे भाग गए। इस घटना में सांसद या उनके किसी समर्थक को चोट नहीं आई। बाद में उन्हें वापस कर दिया गया।

देर रात यह मुकदमा बलवा, गलत तरीके से रास्ता रोकने की कोशिश, हिंसक हमला, उकसावा, अपमानित कराने के इरादे से उकसावा, चोट पहुंचाने का मकसद व क्रिमिनल लॉ की धारा में दर्ज किया गया है। इसके बाद देर शाम पुलिस ने धरपकड़ अभियान चलाकर श्रीराजपूत करणी सेना के जिला संयोजक सहित पांच लोग पकड़ लिए। एपी सिटी मृगांक शेखर पाठक ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर पांच आरोपी पकड़ लिए हैं। आगे की विवेचनात्मक कार्रवाई जारी है।

सपा जिलाध्यक्ष लक्ष्मी धनगर ने इस मामले में एसएसपी को एक तहरीर देकर खुद पर हमला होना बताया है। कहा है कि वे भी सपा सांसद संग बुलंदशहर जा रही थीं।

# सुरक्षित ठौर की तलाश में सीमावर्ती लोग

## दिन भर काम के बाद बंकरों में रात बिता रहे ग्रामीण

**जम्मू।** पहलगाम हमले के बाद जम्मू के सीमावर्ती इलाकों में रहने वाले लोग विशेष सतर्कता बरत रहे हैं। अरनिया, पुंछ, सांबा, हीरापुर ज्योड़ियां, आरएसपुरा समेत सीमा से सटे लगभग सभी गांवों में विशेष प्रकार की हलचल भी है। कोई रिश्तेदारों के घर में सुरक्षित ठौर तलाश रहा है, तो कहीं कुछ लोगो दिन भर के काम निपटाकर रात बंकर में बिताना शुरू कर चुके हैं। ग्रामीणों का कहना है कि हमारा इलाका तो फायरिंग, मोर्टार शेल के हमले झेलने का आदी हो चुका है। मगर, सतर्कता तो जरूरी है।

अरनिया में कई तरह के व्यावसायिक संस्थान चलाने वाले रंकज शर्मा माहौल देखते हुए अपने परिजनों के साथ बिश्नाह शिफ्ट हो गए हैं। अरनिया में केवल भारत-पाकिस्तान को लेकर चर्चा हो रही है। जब पाकिस्तान की तरफ से गोलीबारी होती है, तो अरनिया को सीमा से महज पांच किमी की दूरी पर होने का



खामियाजा भुगतना पड़ता है। लोगों के मवेशी मारे जाते हैं। वे खुद बंकर और कैंपों में शेल्टर लेने के मजबूर हो जाते हैं। इसलिए सावधानी बरतते हुए वे पहले ही अपना ठिकाना बदल रहे हैं।

अरनिया के मोहित शर्मा बताते हैं कि जीएमसी यानी सरकारी मेडिकल कॉलेज के अलर्ट पर रहने संबंधी नोटिफिकेशन ने चिंता बढ़ा दी है। अस्पताल को अलर्ट मोड पर रहने और स्टाफ की छुट्टी पर रोक लगाए जाने का क्या मतलब है? जाहिर है कि कुछ-न-कुछ जरूर बड़ा होने जा रहा है। इसी बात ने चिंता बढ़ा दी है।

इन दिनों अरनिया की तरफ जाने वाली सड़क पर गेहूं काटने वाली मशीनों की लाइन देखी जा सकती है। बॉर्डर पर स्थित गांवों के किसान अपनी गेहूं की फसल को काटने और समेटने में लगे हैं।

बॉर्डर पर हालात बदलते हैं तो उसका खामियाजा किसानों को बड़े पैमाने पर उठाना पड़ता है। किसान विकास कहते हैं कि 10 प्रतिशत दाना कच्चा था, इसके बावजूद रिस्क लिया

हीरानगर सेक्टर में फिलहाल माहौल शांतिपूर्ण है, लेकिन लोगों में डर है कि कभी भी पाकिस्तान गोलीबारी कर सकता है। लोगों ने घरों में बने बंकरों को पूरी तरह से साफ कर लिया है और हवा, पानी, रोटी बनाने की व्यवस्था भी कर ली है।

दिन में तो लोग रोजमर्रा के काम खुले में निपटा रहे हैं, लेकिन रात इन्ही बंकरों में गुजार रहे हैं। प्रदीप कुमार, गोपाल दास, बोध राज कहते हैं कि भगवान से यही प्रार्थना है कि फिर से ऐसे हालात न बनें कि पूरा दिन बंकरों में गुजरना पड़े।

आरएसपुरा सीमांत गांव बासपुर के बुजुर्ग ओम प्रकाश का कहना है कि विभाजन के बाद पाकिस्तान ने जख्म देने के सिवाए कुछ नहीं किया। एक बार फिर हमारी सीमाएं तनाव में हैं। सीमावर्ती लोगों का जीवन खेती-बाड़ी और पशुपालन पर निर्भर करता है। हम सब इस वक्त पूरा समय फसलों को काटकर अनाज घरों में इकट्ठा करने में जुटे हैं।

# दिल्ली में बुजुर्गों को 10 लाख का फ्री इलाज

## आयुष्मान भारत वय वंदना योजना का शुभारंभ

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी, मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता व अन्य मंत्रियों ने आज बुजुर्गों को कार्ड देकर आयुष्मान वय वंदना योजना का शुभारंभ किया। दिल्ली ने आधिकारिक तौर पर 5 अप्रैल को आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी पीएम-जेएवाई) को लागू की थी।

विकास पुरी के मोहन गार्डन निवासी राम सिंह नेगी दिल्ली में आयुष्मान वय वंदना कार्ड के पहले लाभार्थी बने। उन्हें केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता सहित अन्य मंत्री ने कार्ड देकर सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने कई अन्य बुजुर्गों को भी कार्ड वितरित किया।

आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी पीएम-जेएवाई) के तहत आयुष्मान वय वंदना कार्ड की मदद से 70 साल या इसे अधिक उम्र के बुजुर्गों को निःशुल्क स्वास्थ्य



सुविधा मिलेगी। इन बुजुर्ग नागरिकों को एबी पीएमजेएवाई पैनल वाले अस्पतालों में इलाज के लिए प्रति वर्ष 10 लाख रुपए तक का स्वास्थ्य कवर मिलेगा। इसका लाभ दिल्ली का कोई नागरिक ले सकता है। हालांकि उसके पास कोई दूसरी योजना न हो। दिल्ली में इनकी संख्या 6 लाख से अधिक मानी जा रही है।

### दिल्ली में बहाना नहीं चलेगा: मुख्यमंत्री रेखा

दिल्ली में आयुष्मान भारत वय वंदना योजना के शुभारंभ पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली में पहली बार ट्रिपल इंजन की सरकार का कार्यक्रम है। अब दिल्ली में किसी का अधिकार मारा नहीं जाएगा। दिल्ली में बहाना नहीं चलेगा। दिल्ली में हर काम पूरा होगा। बच्चों का ज्ञान नहीं अब कार्ड है। 10 लाख तक का इलाज मिलेगा।

### आप भ्रष्टाचार में फंस गई: हरदीप सिंह पुरी

केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि कोरोना काल में केंद्र सरकार ने ग्रुप ऑफ मिनिस्टर बनाया। उस समय वान की मून आए थे। उन्हें मोहल्ला क्लीनिक दिखाने ले गए। इस मोहल्ला क्लीनिक में फर्जी जांच हुई। दवाइयां एक्सपायर वाली दे रहे थे। आप भ्रष्टाचार को खत्म करने का नाम लेकर आए थे। लेकिन अब ये ही भ्रष्टाचार में फंस गए हैं।

**संबंध विच्छेद**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र सूरज व उसकी पत्नी पूनम को उनके गलत व्यवहार के कारण अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिया है। भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी नैतिक अनैतिक कार्यों के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

प्रार्थनी
सुनीता देवी पत्नी स्व0 श्रीचंद
निवासी- 9/124, काशीराम आवास योजना, थाना-विजयनगर, जिला -गाजियाबाद

दैनिक करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...


## भाजपा नेता धीरज शर्मा से बदसलूकी करने वाले पुलिसकर्मियों पर दर्ज हुई एफआईआर

### गलत तरीके से हवालात में बैठाना, चोट पहुंचाना और जानबूझकर अपमानित करने का आरोप



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** बीजेपी नेताओं के दबाव और लगातार विरोध के बाद आखिरकार थाना नंदग्राम में धीरज शर्मा के साथ मारपीट, चोट पहुंचाने, गलत व्यवहार व अपमानित करने जैसी गंभीर धाराओं में चौकी प्रभारी सहित अन्य पुलिसकर्मियों पर मुकदमा दर्ज किया गया है। साथ ही इसमें पुलिसकर्मियों की संख्या 5 से 6 बताई जा रही है, जबकि इस पूरे मामले में रविवार को ही चौकी प्रभारी देशराज हेड कांस्टेबल रविंदर और सगीर खान नाम के पुलिसकर्मियों को सस्पेंड किया गया था। इस पूरे मामले को लेकर उच्च अधिकारियों ने पुलिसकर्मियों के खिलाफ जांच करने के बाद मुकदमा दर्ज करवाया है। बता दें कि सोमवार को भाजपा विधायक संजीव शर्मा ने सोशल मीडिया पर इस पूरे मामले में पुलिसकर्मियों पर मुकदमा दर्ज होने की जानकारी सोशल मीडिया पर डाली थी। तो वहीं इस पूरे मामले के पीड़ित और मुकदमा दर्ज कराने वाले भाजपा नेता धीरज शर्मा भी शुरू से इन पुलिसकर्मियों पर मुकदमा दर्ज किए जाने की मांग कर रहे थे।

# वन नेशन-वन इलेक्शन का प्रस्ताव नगर निगम में हुआ ध्वनि मत से पास

## महापौर ने कहा जरूरी है देश में एक साथ चुनाव

## पहलगाम के शहीदों को मौन रख कर दी गई नगर निगम में श्रद्धांजलि






**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** सोमवार को नगर निगम सभागार गाजियाबाद में वन नेशन-वन इलेक्शन को लेकर महापौर सुनीता दयाल द्वारा प्रस्ताव लाया गया। जिसका नगर निगम के उपस्थित पार्षदों ने समर्थन किया और ध्वनि मत से समर्थन देते हुए इस प्रस्ताव को पास कर दिया गया है। वहीं जब कांग्रेस के पार्षद अजय शर्मा ने वन नेशन- वन इलेक्शन को लेकर यह भी कहा है कि एक देश एक चुनाव आवश्यक है तो एक मतदाता सूची भी बनाई जाए ताकि आने वाली परेशानियां दूर हों। इस दौरान उनकी भारतीय जनता पार्टी के पार्षदों से नोकझोंक भी हुई, तो वहीं महापौर ने भी उन्हें शांत करने का सदन में काम किया। वन नेशन-वन इलेक्शन प्रस्ताव पास होने के बाद नरेंद्र मोदी और वंदे मातरम के नारे लगाए गए। तो वहीं पहलगाम में हुई आतंकी घटना का विरोध सदन में भी देखने को मिला। यहां पाकिस्तान मुदार्बाद और जो हमसे टकराएगा चूर-चूर हो जाएगा जैसे नारे भी नारे भी लगाए गए। इस दौरान पहलगाम में शहीद हुए लोगों की श्रद्धांजलि में दो मिनट का मौन रखा गया। तो वहीं सदन में उपस्थित पार्षदों और महापौर ने केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली सरकार से मांग की है कि पाकिस्तान को सबक सिखाया जाना चाहिए। वहीं आतंकवादियों को भी ऐसा सबक दिया जाए कि वो पीढ़ियों तक याद रखें।



### पार्षद प्रवीण चौधरी, राजीव शर्मा और पप्पू नागर सबसे पीछे बैठे एक साथ



**करंट क्राइम :** नगर निगम के सदन में महिला पार्षद सबसे आगे वाली कुर्सियों पर थीं, तो सोमवार को नगर निगम के सीनियर पार्षद प्रवीण चौधरी, राजीव शर्मा और पप्पू नागर पीछे वाली पंक्ति में बैठे हुए थे। जब यहां वन नेशन-वन इलेक्शन को लेकर जो प्रस्ताव रखा गया, उसका जोर-शोर से समर्थन किया गया। साथ ही जब कांग्रेस पार्षद और बसपा पार्षदों ने अपने विरोध के स्वर दिखाएं तो इन्होंने भी एकजुटता का परिचय देते हुए, उन्हें शांत करवाने का काम किया।

### जब निगम सभागार में लगे पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे



**करंट क्राइम :** पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद देश के लोगों में जिस तरीके की नाराजगी और गुस्सा है, उसका नजारा नगर निगम सदन के सभागार में भी देखने को मिला। सोमवार को सदन में पार्षदों ने पाकिस्तान मुदार्बाद के नारे लगाए। तो वहीं भाजपा से जुड़े पार्षदों ने जो कहा जो हमसे टकराएगा चूर-चूर हो जाएगा, जैसे नारे लगाए और कहा की देश मोदी जी के नेतृत्व में मजबूत फैसला लेगा और पाकिस्तान व उसके आतंकवादियों को सबक सिखाया जाएगा।

### ईधर रखा गया प्रस्ताव, उधर पार्षदों ने समर्थन में लगा दिए नारे



**करंट क्राइम :** सोमवार को नगर निगम गाजियाबाद के सभागार में सबसे पहले बैठक में दो विषयों पर चर्चा होनी थी। बैठक का पहला विषय वन नेशन-वन इलेक्शन रहा, जिसे नगर निगम के सभी मौजूद पार्षदों ने ध्वनि मत से पारित किया और अपना समर्थन जताया। तो कुछ पार्षद खड़े हो गए और उन्होंने इसका स्वागत करते हुए खुशी जाहिर की। तो वहीं कांग्रेस के पार्षद अजय शर्मा और विजयनगर के पार्षद नरेश जाटव को भाजपा के पार्षदों का विरोध भी झेलना पड़ा ,हालांकि बाद में मामला शांत हो गया। सदन में जैसे ही महापौर सुनीता दयाल द्वारा वन नेशन- वन इलेक्शन का प्रस्ताव रखा गया, तो सदन में उपस्थित सभी पार्षदों ने इसका समर्थन किया और इसे पूरे देश के लिए हितकारी बताया गया।

### पार्षद गौरव सोलंकी ने कहा एक राष्ट्र- एक चुनाव होकर रहेगा



**करंट क्राइम :** नगर निगम के सदन में जब कांग्रेस के पार्षद अजय शर्मा वन नेशन-वन इलेक्शन में मतदाता सूची एक होने का विषय उठा रहे थे, तो इस दौरान उनको चुप करवाते हुए पार्षद गौरव शिवानी सोलंकी खड़े हो गए और उन्होंने कहा कि एक राष्ट्र-एक चुनाव होकर रहेगा। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो सोचा है उसे हर हाल में लागू कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि इससे पहले भी पूर्व की सरकारों में कई बार लोकसभा और राज्यसभा के चुनाव एक साथ हुए हैं। उन्होंने बाकायदा एक लंबी लिस्ट पढ़कर बताइए, जिसमें अलग-अलग वर्षों का जिक्र किया था। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि इससे सुरक्षा, आर्थिक और सामाजिक मजबूती भी मिलेगी।

### पार्षद मनोज त्यागी ने कहा कांग्रेस की नीति फूट डालो और राज करो की



**करंट क्राइम :** नगर निगम सदन में सोमवार को कांग्रेस पार्षद अजय शर्मा अपनी बात वन नेशन-वन इलेक्शन पर रख रहे थे, तो इस दौरान चिरंजीव विहार से पार्षद मनोज त्यागी खड़े हो गए और उन्होंने कहा कि फूट डालो की नीति कांग्रेस की रही है। जहां पर भी उनके पार्षद ऐसा कर रहे हैं यह गलत है। इस पर महापौर ने उन्हें शांत कराया, तो वही थोड़ी देर के लिए सदन का माहौल शोर शराबे वाला हो गया था।

### पार्षद ने मेरे को सौंपे चिरंजीव विहार निवासियों की एक राष्ट्र-एक चुनाव हस्ताक्षर वाली प्रतियां

**करंट क्राइम :** इस दौरान चिरंजीव विहार के पार्षद मनोज त्यागी ने महापौर सुनीता दयाल को रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के साथ ही स्थानीय लोगों के द्वारा बड़ी संख्या में हस्ताक्षर की हुई कई प्रतिलिपि भी भेंट की जिसमें लोगों ने भी वन नेशन- वन इलेक्शन का समर्थन किया है और केंद्र सरकार से कहा है कि इसे हर हाल में लागू किया जाए।

### थोड़ी ही देर में हो गया पूरा प्रस्ताव पास

**करंट क्राइम :** सोमवार को नगर निगम सभागार में दो महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा और प्रस्ताव था। जिसमें वन नेशन-वन इलेक्शन के प्रस्ताव को महज कुछ मिनट में ही सदन ने ध्वनि मत और समर्थन देकर पास कर दिया। तो वहीं पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद आतंकियों और पाकिस्तान पर कार्रवाई की मांग भी जोरदार ढंग से होती रही। कुल मिलाकर दोनों ही विषयों पर चंद मिनटों में ही निर्णय और बातचीत कर ली गई। इसके बाद वंदे मातरम का गान हुआ और यह कार्यक्रम समाप्त कर दिया गया।

## पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड़ ने पुलिसकर्मियों को दिए शिष्टाचार के टिप्स

### जनता से ना हो तू तड़ाक में बात, फोन और सोशल मीडिया पर भी हो सभ्यता से बात

### लापरवाही मिलने और शिकायत पर होगी सख्त कार्रवाई

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में जे रविंदर गौड़ ने पुलिस कमिश्नर बनने के बाद नए फरमान जारी कर रहे हैं। तो उसको अमल कराने का निर्देश भी जारी हो रहा है। सोमवार को पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में पुलिस कर्मियों के लिए शिष्टाचार संवाद नीति बनाई गई है और उसका अनुपालन कराने का निर्देश दिया गया है। खुद पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड़ ने सभी पुलिसकर्मियों को कहा है कि जनता के साथ मित्रवत व्यवहार हो। तुम अथवा तू के स्थान पर आपका प्रयोग किया जाए।




किसी भी दशा में तुम अथवा तू का प्रयोग नहीं होना चाहिए। साथ ही महिलाओं, बच्चों ,दिव्यांगजन, वरिष्ठ नागरिकों, ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के साथ भी सद्भाव व्यवहार हो। उन्हें धैर्य पूर्वक सुना जाए। वहीं कानूनी अधिकारों के बारे में अवगत कराया जाए। इसके साथ ही विकलांग पुरुष-महिलाओं को दिव्यांगजन ही हर हाल में बोला जाएगा। किसके साथ ही सीयूजी व व्यक्तिगत मोबाइल पर अच्छी भाषा का इस्तेमाल हो। अपमानजनक व असंसदीय भाषा का प्रयोग न करने की भी पुलिसकर्मियों को सलाह दी गई है। वहीं महिला पुलिसकर्मियों द्वारा महिला हेल्प पर सुने जाने वाले मामलों में महिला वादी और पीड़िता की गोपनीयता का भी ख्याल रखे जाने का आदेश दिया गया है। इसके साथ ही पुलिस कमिश्नर द्वारा कई अन्य महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए गए।

### थाने में पहुंचते ही मिलेगी कुर्सी और बच्चों को ट्रॉफी-चॉकलेट

**करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में पुलिसिंग का अंदाज बदल रहा है। तो नए फरमान बदलावों की ओर इशारा कर रहे हैं। नए सीपी ने निर्देश दिया है कि थाना चौकी और कार्यालयों में आमजन के बैठने के लिए पर्याप्त कुर्सियों की व्यवस्था की जाए। आगंतुकों के लिए जल और बच्चों के लिए ट्रॉफी और चॉकलेट की भी व्यवस्था कराई जाए। इसके साथ ही आवेदक का नाम बोलते समय उनके नाम में अंत में जी का प्रयोग भी अवश्य किया जाएगा।

### थाने वाले ने भेजा चौकी तो होगी कार्रवाई

**करंट क्राइम :** पुलिस आयुक्त जे रविंदर गौड़ ने निर्देश दिया है कि किसी भी थाना या चौकी से व्यक्ति को भगाया नहीं जाएगा। आगंतुओं के साथ सकारात्मक रवैया अपनाया जाएगा। कोई भी व्यक्ति थाने आएगा, तो उसे चौकी नहीं भेजा जाएगा, उसकी समस्या का समाधान थाने पर ही नियमानुसार कराया जाएगा। साथ ही किसी भी मामले में तत्काल मुकदमा पंजीकृत किया जाए, पीड़ित व्यक्ति को अनावश्यक नहीं बैठाया जाएगा। साथ ही सूर्यअस्त के बाद थाने पर महिलाओं को नहीं बुलाया जाएगा। पीड़िता की समस्या और समस्त जानकारी गोपनीय रखी जाएगी।

### पुलिस के कार्य स्थल रहेंगे साफ सुथरे, पान-गुटका की दीवारों पर ना मिले पीक

**करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नर ने जहां थाना परिसर, पुलिस लाइन, कार्यालय की साफ-सफाई रखने का निर्देश दिया है। साथ ही उन्होंने कहा है कि पुलिस के किसी भी कार्य स्थल पर किसी भी दीवार पर पान गुटखा खाकर थूक ना जाए ना ही गंदगी फैलाई जाए। इसके साथ ही पुलिसकर्मियों को ठीक प्रकार से व्यवस्थित ड्रेस पहनने का भी निर्देश दिया गया है।

### सोशल मीडिया नियमावली का करना होगा पालन , नेम प्लेट -कैप ना पहनने पर होगी कार्रवाई

**करंट क्राइम :** पुलिसकर्मियों को जहां नए पुलिस आयुक्त ने निर्देशित किया है कि संतरी ड्यूटी के दौरान मोबाइल फोन, ब्लूटूथ, लीड, ईयर फोन का इस्तेमाल नहीं किया जाएगा। तो वहीं सोशल मीडिया को लेकर मुख्यालय पुलिस महानिदेशक के निर्देशों का पालन करना होगा। इसके साथ ही कोई भी पुलिसकर्मी बिना नेम प्लेट और कैप के नहीं रहेगा। वर्दी धारण करने के साथ ही अपनी कार्यशैली में भी पुलिसकर्मियों को आने वाले दिनों में बदलाव करने के निर्देश दे दिए गए हैं।

**सभी पुलिसकर्मियों को अनुशासन में रहकर जनता की सुनवाई करनी है। भाषा शैली बेहतर रखनी होगी। साथ ही सभी नियमों का पालन करना है। लापरवाही मिलने वाले पुलिसकर्मियों पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।**



जे रविंदर गौड़, पुलिस कमिश्नर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद

# वन नेशन-वन इलेक्शन में पार्षदों की उपस्थिति रही बेहद कम

## कुछ पहुंचे समय के बाद और कुछ रहे बैठक से गायब

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** प्रधानमंत्री मोदी चाहते हैं कि देश में वन नेशन-वन इलेक्शन हो, इसको लेकर भारतीय जनता पार्टी इन दिनों देशभर में अभियान और कार्यक्रम आयोजित कर रही है। तो वहीं सरकारी स्तर पर भी कार्यक्रम और इसके समर्थन में माहौल बनाया जा रहा है। इसी तरह सोमवार को गाजियाबाद नगर निगम के सभागार में वन नेशन-वन इलेक्शन को लेकर गाजियाबाद नगर निगम के 100 पार्षदों को बुलाया गया था। साथ ही खुद महापौर सुनीता दयाल और नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के साथ ही नगर निगम के सभी जिम्मेदार अधिकारी भी सदन में मौजूद थे लेकिन भारतीय जनता पार्टी के सर्वाधिक पार्षदों वाले इस सदन में सोमवार को भाजपा के ही तमाम पार्षद इस महत्वपूर्ण बैठक से गायब रहे। साथ ही कई पार्षद बैठक और प्रस्ताव पारित होने के बाद पहुंचे थे। जिससे नगर निगम के सदन और अन्य जगह चर्चा हो रही है कि इस प्रस्ताव पास कार्यक्रम में भाजपा के पार्षदों की संख्या कम क्यों रही, तो कई लोग देरी से क्यों पहुंचे।



### वन नेशन-वन इलेक्शन में महिलाओं ने सबसे पहले जताई थी सहमति

**करंट क्राइम :** नगर निगम सभागार में सोमवार को वन नेशन-वन इलेक्शन को लेकर प्रस्ताव रखा गया। जैसे ही महापौर सुनीता दयाल ने प्रस्ताव रखा, तो सबसे पहले महिला पार्षदों द्वारा बैठे-बैठे हाथ उठाकर समर्थन किया गया। फिर सभी पार्षदों ने एक साथ ध्वनि मत में नारे लगाए और खड़े होकर प्रस्ताव पास होने के लिए साथ व समर्थन दिया।

### कई प्रमुख पार्षद चेहरे रहे प्रस्ताव वाली बैठक से आउट

**करंट क्राइम :** सोमवार को नगर निगम सभागार में वैसे तो प्रस्ताव रखा गया और पास भी हो गया लेकिन भारतीय जनता पार्टी और ऐसे खास पार्षद जो नगर निगम में अपनी आवाज बुलंद करते हैं। निगम से जुड़े विभिन्न विषयों पर बेबाकी से सवाल दागते हैं। ऐसे कई पार्षद सोमवार को बैठक के दौरान या तो खामोश रहे या फिर वह सदन में ही नहीं पहुंचे। वहीं कई पार्षदों के द्वारा देरी से भी पहुंचा देखा गया है। उधर नगर निगम के पार्षदों के बीच इसकी चर्चा जमकर हो रही है।

# भगवान परशुराम जन्मोत्सव के मंच से क्या संदेश देना चाहते हैं केडी त्यागी

## त्यागी-ब्राह्मण समाज के संयुक्त मंच पर दिखाई देगा भाजपा की राजनीति का पंच

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** राजनीति में महापुरुषों का जन्मोत्सव हो, उनकी जयंती हो और मामला भले ही धार्मिक हो, लेकिन जब इसमें सियासत वालों की एंट्री हो जाती है तो फिर ये मान लिया जाता है कि मंच भले ही सामाजिक है, लेकिन उद्देश्य राजनीतिक है। एक ऐसा ही आयोजन शहर में होने जा रहा है और इस आयोजन में सरकार के मंत्री भी आ रहे हैं और यहां पर कार्यक्रम में विधायक भी रहेंगे, मेयर भी रहेंगी, मंत्री भी रहेंगे, सांसद भी रहेंगे, लेकिन इस कार्यक्रम के संयोजक केडी त्यागी आखिर क्या संदेश देना चाहते हैं और कार्यक्रम के आयोजन आरडी शर्मा ने इस पूरे आयोजन को लेकर क्या रणनीति बनाई है। दरअसल




30 अप्रैल बुधवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय ओडिटोरियम में सुबह दस बजे से भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव का आयोजन होगा।

राष्ट्रीय जागरूक ब्राह्मण महासंघ और अखिल भारतीय त्यागी भूमिहार महासंघ के संयुक्त तत्वाधान में होने वाले इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शहरी विकास तथा ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा मौजूद रहेंगे। ये कार्यक्रम इसलिये खास है क्योंकि पहली बार ऐसा हो रहा है जब त्यागी और ब्राह्मण दोनों मिलकर भगवान परशुराम जन्मोत्सव मना रहे हैं। जिस हॉल में ये कार्यक्रम हो रहा है, उसकी क्षमता एक हजार से अधिक की बताई जाती है। कार्यक्रम धार्मिक है, सामाजिक है, लेकिन इसमें राजनीतिक चेहरे हैं। नेताओं के फोटो से ही सियासी संदेश जा रहा है।

क्योंकि नेता त्यागी और या ब्राह्मण वो सबके सब भाजपा के हैं। इसके आयोजक आरडी शर्मा हैं और संयोजक महेश शर्मा तथा केडी त्यागी हैं। अब जो आयोजक हैं वो तो आयोजन करते हैं ही रहते हैं, लेकिन यहां पर संयोजक के रूप में केडी त्यागी की एंट्री चौंकाने वाली है और ये माना जा रहा है कि कहीं ना कहीं केडी त्यागी इस जन्मोत्सव के बहाने एक बड़ा संदेश देने की तैयारी में हैं। वो यहां त्यागी समाज की जोरदार उपस्थिति दिखाएंगे, अपने समर्थकों को भी बुलाएंगे। माना ये जा रहा है कि केडी त्यागी भाजपा में आने के बाद से लगातार खुद को यहां सेट करने की कोशिश में हैं और अब वो अपने इस नए फॉर्मेट के जरिए खुद को साबित करेंगे, वो एक बड़ा संदेश देंगे। उनका ये संयुक्त प्रयास कितना सफल रहता है ये पता चलेगा।

### भगवान परशुराम जन्मोत्सव में अतुल गर्ग, सुनीता दयाल, नरेंद्र कश्यप, मयंक गोयल

**(करंट क्राइम)।** कार्यक्रम भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव का है। बताया ये जा रहा है कि इसे राष्ट्रीय जागरूक ब्राह्मण महासंघ और अखिल भारतीय त्यागी भूमिहार महासंघ मिलकर कर रहे हैं, लेकिन यहां पर आयोजकों ने एक फ्रेम में सबको फिट करने की कोशिश की है। ये उनका भाजपा प्रेम भी हो सकता है। मुख्य अतिथि शहरी विकास तथा ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा हैं। उनके नाम के आगे जी भी लगा है, लेकिन फिर इसी लिस्ट में नीचे कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा हैं, राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप हैं, मेयर सुनीता दयाल हैं और एमएलसी दिनेश गोयल हैं, मगर यहां जी वाला सम्मान केवल मंत्री ए.के. शर्मा के हिस्से में आया है और इसी निमंत्रण पत्र में अध्यक्षता भाजपा के महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल की है और यहां उनके नाम के आगे भी जी लगा है। फिर इसी लिस्ट में दूसरा नाम लोकसभा सांसद अतुल गर्ग का है और उनके नाम के आगे भी जी लगा है, लेकिन फिर जिला पंचायत अध्यक्ष ममता त्यागी हैं, उसके बाद मुरादनगर विधायक अजीतपाल त्यागी हैं, शहर विधायक संजीव शर्मा हैं, मगर इनके नामों के आगे जी वाला सीन नहीं है।

भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव की बात करें तो नीचे छोटे नामों वाली लिस्ट में पूर्व राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल का नाम है, पूर्व सांसद रमेशचंद तोमर का नाम है, पूर्व मेयर अशु वर्मा का नाम है, पूर्व विधायक रूप चौधरी का नाम है, पूर्व एमएलसी प्रशांत चौधरी का नाम है, सहकारी बैंक के चेयरमैन कृष्णवीर का नाम है, पूर्व विधायक कृष्णवीर सिरोही का नाम है, कैप्टन विकास गुप्ता का नाम है, पूर्व एमएलसी सुरेश कश्यप का नाम है, भाजपा नेता बृजपाल तेवतिय का नाम है, जीडीए बोर्ड सदस्य पवन गोयल का नाम है, ये सभी लोग ना तो ब्राह्मण समाज से आते हैं और ना ही त्यागी समाज से आते हैं, लेकिन ये सभी चेहरे भाजपा से आते हैं, तो यहां पर आयोजक ने पूरे आयोजन को शानदार तरीके से भाजपाई राजनीति वाले फ्रेम में भी रखा है और वो दो जातियों को एकजुट करने का भी प्रयास कर रहे हैं। मंच को बड़ा बनाया है और सभी को बुलाया है।

## संपादकीय

# चीन की चाल

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने पहलगाम के अपराधियों को न्याय दिलाने की बात कही है। चीन, पाकिस्तान को बचाने की कोशिश कर रहा है। अतीत में पाकिस्तान आतंकवाद के मसले पर सुधर नहीं पाया है। चीन की आतंकवाद को लेकर कोई स्पष्ट नीति नहीं है। भारत को चीन के साथ इस मुद्दे पर स्पष्ट बात करनी चाहिए। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने अपने बयान में पहलगाम के अपराधियों को न्याय के कटघरे में लाने की बात कही है, लेकिन स्टेटमेंट देखकर लगता है कि इससे बात नहीं बनेगी। दरअसल, जब तक स्थायी सदस्य के रूप में चीन आतंक को सहारा देने वाले पाकिस्तान को बचाता रहेगा, तब तक किसी तरह के बदलाव की उम्मीद करना बेमानी है। कमजोर भाषा पहलगाम पर वठरउ के बयान की भाषा बेहद कमजोर रही, 2019 के पुलवामा अटैक के बाद आए बयान से भी कमजोर। तब सभी देशों से भारत सरकार के साथ सक्रिय रूप से सहयोग करने का आह्वान किया गया था। इस बार की अपील सभी संबंधित अधिकारियों के साथ सहयोग करने की है। भारत सरकार शब्द होने से पाकिस्तान पर ज्यादा दबाव पड़ता। लेकिन, उसे बचाने के लिए एक बार फिर चीन आगे आ गया। दोहरा रवैया आतंकवाद के मसले पर पाकिस्तान सुधर नहीं सकता, अतीत ने कम से कम इतना तो सिखा दिया है, लेकिन चीन का रवैया भी कम सवालों के घेरे में नहीं। दुर्भाग्य से उसकी आतंकवाद को लेकर कोई एक नीति नहीं है। पाकिस्तान में जब चीनी नागरिकों को निशाना बनाया जाता है, तब चीन को उसमें आतंकवाद नजर आता है, लेकिन मौका मिलने पर वह मसूद अजहर जैसे आतंकियों को बचाने से गुरेज नहीं करता।

वीगर मुस्लिमों का मसला ऐसा नहीं है कि चीन मुस्लिमों का रहनुमा है। उसने अपने शिनच्यांग प्रांत को दुनिया की सबसे बड़ी जेल में तब्दील कर रखा है। चीनी संस्कृति का ज्ञान देने के नाम पर वीगर मुस्लिमों को डिटेंशन कैंपों में रखा जाता है। इसके खिलाफ कई मानवाधिकार संगठन आवाज उठा चुके हैं, लेकिन चीन का कहना है कि उसकी लड़ाई आतंकवाद और अलगाववाद के खिलाफ है। दुर्भाग्य से, बात जब भारत की आती है, तो आतंकवाद को लेकर पेइचिंग का नजरिया बदल जाता है।

कमजोर पड़ता पाकिस्तान भारत-चीन के रिश्ते उतार-चढ़ाव भरे रहे हैं और इसकी बुनियाद में सीमा विवाद है। पाकिस्तान को वह भारत को परेशान करने के टूल के रूप में इस्तेमाल करता आया है। हालांकि नई दिल्ली को अब इस बारे में स्पष्ट बात करनी चाहिए। एक तरफ कैलाश मानसरोवर यात्रा फिर शुरू होने जा रही है, जो रिश्तों में बेहतरी दिखाती है और दूसरी ओर पाकिस्तान का बचाव - चीन दोहरी चाल नहीं चल सकता। पहलगाम की तटस्थ जांच के लिए पाकिस्तान का प्रस्ताव बताता है कि वह कमजोर और अलग-थलग पड़ रहा है। भारत के पक्ष को दुनिया बेहतर ढंग से समझ रही है। यही बात चीन को भी समझानी होगी।

# सही समय पर थामा गया हाथ किसी का जीवन बदल सकता है

## निस्वार्थ प्रेम, सेवा और शिक्षा का दीपक जलाते एडीएम सिटी गाजियाबाद गंभीर सिंह

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** आज के समय में, जहाँ स्वार्थ और औपचारिकता ने इंसानी रिश्तों को जकड़ रखा है, ऐसे दौर में भी कुछ लोग हैं — जो निस्वार्थ प्रेम, सेवा और शिक्षा के दीपक जलाते हैं। उनमें से एक नाम है गम्भीर सिंह (एडीएम सिटी गाजियाबाद)।

एक साल पहले की बात है। कोरोना काल की त्रासदी ने एक नन्हे से बच्चे, अभिजय साहू, के सिर से माता-पिता का साया छीन लिया था। दादी माँ की कमजोर हथेलियों में अब न भविष्य बचा था न साधन। उसी समय एक सहृदय अधिवक्ता ने उस अनाथ बच्चे को लेकर गम्भीर सिंह के पास पहुँचाया। उन्होंने उनसे विनती की — सर, कृपया इस बच्चे की फीस और शिक्षा में कुछ मदद करवा दीजिए।

गम्भीर सर ने गहराई से परिस्थिति को समझा। कुछ पल मौन रहकर उन्होंने एक निर्णय लिया — कि वह इस बच्चे के लिए सिर्फ एक सहारा नहीं, बल्कि एक नया जीवन बनेंगे। संयोगवश उस समय अटल आवासीय विद्यालय योजना के फॉर्म भरे जा रहे थे। सर ने स्वयं उसका फॉर्म भरवाया, प्रेरित किया, मार्गदर्शन दिया — और वह बच्चा परीक्षा में उत्तीर्ण हो गया!

आज एक साल बीत चुका है। अभिजय न केवल शिक्षा के मार्ग पर अग्रसर है, बल्कि अच्छे अंकों के साथ कक्षा 6 से कक्षा 7 में प्रवेश कर चुका है। उसके जीवन में फिर से आशा का दीपक जल उठा है — और वह



दीपक है गंभीर सिंह का दिया हुआ।

लेकिन कहानी यहीं समाप्त नहीं होती। कुछ दिन पूर्व, अभिजय की बूढ़ी दादी, थकी हुई काया और कांपते पैरों के साथ, किसी तरह पैसे जुटाकर, पूछते-पूछते एडीएम कार्यालय गाजियाबाद पहुँचीं। हाथों में कुछ सस्ती मिठाई का डिब्बा और आँखों में अपार श्रद्धा। जैसे ही उन्होंने गम्भीर सिंह को देखा, उनकी आँखों से अश्रुधारा बह निकली।

वह कांपती आवाज में बोलीं —बेटा, तुम हमारे लिए भगवान से कम नहीं हो। तुमने मेरे पोते को शिक्षा दिलाकर जो उपकार किया है, वह कोई नहीं कर सकता। भगवान तुम्हें खूब तरक्की दे, खूब शक्ति दे, ताकि तुम और भी अनगिनत अभिजयों का भविष्य संवार सको। काश, हर जिले में तुम्हारे जैसे अधिकारी होते! यह सिर्फ आशीर्वाद नहीं था, यह उन असंख्य अनसुनी दुआओं का प्रतिफल था जो एक वृद्धा के दिल से निकली थी। गम्भीर सिंह जी का यह कार्य एक मिसाल बन गया कि एक सच्चा अधिकारी केवल कानून का सेवक नहीं होता, बल्कि वह समाज का संरक्षक, बच्चों के सपनों का रक्षक, और मानवता का जीवंत उदाहरण होता है। उनके जैसे व्यक्तित्व हमें यह सिखाते हैं कि एक सही समय पर थामा गया हाथ किसी का पूरा जीवन बदल सकता है।

गम्भीर सिंह का नाम ही नहीं, उनका स्वभाव भी गंभीरता एवं वीरता और 'कर्तव्यपरायणता' का प्रतीक है। वे शिक्षा के चिराग जलाने वाले, टूटे सपनों को नयी उड़ान देने वाले और समाज के असली नायक हैं। नमन है ऐसे अधिकारियों को जिनकी एक मुस्कान, एक निर्णय, एक करुणा किसी का संपूर्ण भविष्य संवार देती है।




### विधायक जी का चेला क्यों छू रहा है रोजाना मैडम जी के पांव

सियासत में चरण वंदना का एक अलग ही जलवा है। जो चरण की शरण में है वो जानते हैं कि इसका फल जरूर मिलता है। लेकिन चरण हमारे छुओगे और चेलागर्दी दूसरी जगह करोगे, ये नहीं चलेगा। मैडम जी राजनीति की पुरोधा हैं और तंज की वो बढ़िया वाली योद्धा हैं। उन्होंने एक चेला बनाया और चेले पर ऐसी कृपा हुई कि उसके घर भी जनप्रतिनिधि वाला बोर्ड लग गया। लेकिन मैडम जी को खबर लगी कि चेला तो बहुत ही तेज चल रहा है। चेला उस विधायक की शरण में पहुंच गया। जिस विधायक से मैडम जी की बिल्कुल नहीं बन रही। चेला दोनों हाथों में लड्डू रखने के चक्कर में था लेकिन मैडम अगर इतना तेज चलने दें तो हो लिया काम। सुना है कि पहले तो उसके महकमें के अधिकारी को आदेश दिया कि सीन पुन: मुष्को भव: वाला कर दो। यानी जो इसकी पहली स्थिति थी, इसे वहीं ला दो। उसके बाद उन्होंने निर्देश दिये कि ये रोज रोज आकर मेरे पांव ना छुए। सुना है कि अब उसे कह दिया गया है कि जाओ और जाकर विधायक की गोद में ही बैठ जाओ। हमारे यहां तो हमें काम करते ही दिखाई देना। वैसे भी मैडम जी का पुराना रिकार्ड है कि वो ज्यादा दिन तक किसी पर ज्यादा मेहरबान नहीं होती।

### विधायक जी मत चलो इतना तेज, नहीं हो सकता लैंड यूज चेंज

विधायक जी की स्पीड इन दिनों देखते ही बन रही है। विकास की आंधी ऐसी है कि वो सेना की जमीन में घुस रहे हैं, रेलवे की जमीन में घुस रहे हैं। और अब सुना है कि निगम की जमीन में भी घुस रहे हैं। जमीन खाली करा रहा है नगर निगम और विधायक जी चाहते हैं कि किसी भी अधिनियम ये जमीन विकास वाले कॉलम में आ जाये। अब वो जमीनों का हिसाब मांग रहे हैं तो खबर उन तक भी पहुंची है जो मौके पर बुल्डोजर लेकर पहुंच रहे हैं। यहां निगम के पुराने खिलाड़ी ने ही कहा कि विधायक जी जमीन पर कुछ ज्यादा ही तेज चल रहे हैं। हमारी तो उन्हें यही सलाह है कि विधायक जी इतना तेज मत चलो क्योंकि जमीन का लैंड यूज चेंज नहीं हो सकता। चारागाह की जमीन चारागाह के नाम ही रहेगी और वैसे भी निगम वाले अपनी जमीन विधानसभा वालों को नहीं देंगे। विधायक जी चाहें तो सांसद जी को साथ लेकर लखनऊ में मुख्यमंत्री से मिल सकते हैं और दिल्ली से रक्षा मंत्री के यहां जा सकते हैं।

### कोई उनसे राय मांग रहा है जो वो सलाह देने के लिए इतने बेचैन हैं

नगर निगम में फुल मैजोरिटी फूल वालों की है। कमाल ये है कि फुल मैजोरिटी के बाद भी फूल वाले एक्स पार्षदों को ये शिकायत है कि अधिकारी मनमानी कर रहे हैं और फूल वाले कुछ नहीं बोल रहे। तीन एक्स हो चुके निगम के योद्धाओं ने मीडिया वाले बुला लिये और मन की बात रखी। तीनों ही जीडीए बोर्ड मैम्बर रहे हैं और दो को पार्टी ने टिकट नहीं दिया और एक पुरोधा तो लहर में हार गये। निगम वालों तक बात पहुंची तो उनका कहना है कि वो कब इस बात को फील करेंगे कि उनकी पारी फिनिश हो चुकी है। उनसे कोई राय मांग रहा है या वो खुद ही सलाह देने के लिए बेचैन हो रहे हैं। कहने वाले ने कहा कि दरअसल पूरी लाईफ निगम में कटी है और अब वो इस बात को आसानी से नहीं पचा पा रहे हैं कि उन्हें निगम से रिटायर कर दिया गया है। उनकी सेवाओं की जरूरत जब पार्टी और जनता ने नहीं मानी तो हम कहां से मान लेंगे।

## शेयर बाजार में बढ़त के साथ क्लोजिंग

### सेंसेक्स 1006 अंक चढ़ा, निफ्टी 24300 के पार पहुंचा



**नई दिल्ली।** भारतीय बाजार के प्रमुख बेंचमार्क सूचकांक सोमवार को अच्छी बढ़त के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 1,005.84 (1.26%) अंकों की बढ़त के साथ 80,218.37 के स्तर पर पहुंच गया। दूसरी ओर, निफ्टी 289.16 (1.20%) अंक चढ़कर 24,328.50 पर पहुंचकर बंद हुआ। शेयर बाजार में हफ्ते के पहले कारोबारी दिन मजबूती दिखी। भारतीय बाजार के प्रमुख बेंचमार्क सूचकांक सोमवार को अच्छी बढ़त के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 1,005.84 (1.26%) अंकों की बढ़त के साथ 80,218.37 के स्तर पर पहुंच गया। दूसरी ओर, निफ्टी 289.16 (1.20%) अंक चढ़कर 24,328.50 पर पहुंचकर बंद हुआ।

## एलन मस्क की ताकत बढ़ी, पर लोकप्रियता व संपत्ति के मोर्चे पर नुकसान

**नई दिल्ली।** अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप की सत्ता में वापसी का फायदा दुनिया के सबसे अमीर शख्स एलन मस्क को नि:संदेह मिला है। बीते कुछ महीनों में वॉशिंटन के राजनीतिक गलियारों में उनकी ताकत काफी हद तक बढ़ी है। हालांकि, इस दौरान उनकी लोकप्रियता में गिरावट आई है। एक सर्वेक्षण में यह बात सामने आई है। संपत्ति के मार्चे पर भी उन्हें नुकसान उठाना पड़ा है। ब्लूमबर्ग बिलेनियर इंडेक्स के अनुसार बीते एक साल में मस्क की संपत्ति $97.7 अरब डॉलर तक घटी है। हालांकि, एलन मस्क 335 अरब डॉलर की कुल संपत्ति के साथ अब भी दुनिया के सबसे अमीर शख्स बने हुए हैं। द एसोसिएटेड प्रेस-नॉर्क सेंटर फॉर पब्लिक अफेयर्स रिसर्च के एक सर्वेक्षण के अनुसार वर्षों तक तकनीकी दिग्गज और विश्व के सबसे अमीर व्यक्ति के रूप में ख्याति अर्जित



करने वाले एलन मस्क की हाल के महीनों में वॉशिंगटन में ताकत तो बढ़ी, लेकिन उनकी लोकप्रियता में कमी आई है। पोल के अनुसार, केवल 33 प्रतिशत अमेरिकी वयस्क मस्क के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण रखते हैं, जबकि दिसंबर में यह आंकड़ा 41 प्रतिशत था। मस्क राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सरकारी खर्च में कटौती और पुनर्गठन के प्रयासों का चेहरा हैं, वे अब अलोकप्रिय हो रहे हैं। नॉर्थ कैरोलिना के 27 वर्षीय डेमोक्रेट अर्नेस्ट परेरा ने कहा, यह शर्मनाक है कि उन्होंने अपनी प्रतिष्ठा को नष्ट कर लिया। वे अपनी ही हवा में बह गए।

## वित्तीय लक्ष्य हासिल करने के लिए अपनाएं यह नियम

### पहले बचाएं, फिर खर्च पर दें ध्यान

**नई दिल्ली।** भविष्य के वित्तीय लक्ष्यों को पाने के लिए हर व्यक्ति को अपनी कमाई के अनुसार बजट बनाना चाहिए। इससे पता चलता है कि आप कमाई का कितना हिस्सा खर्च करते हैं और कितनी राशि बचाते हैं। इसके लिए खर्च और बचत के नियम 50-30-20 को समझना आवश्यक है। यह आपकी कमाई, खर्च और बचत के बीच संतुलन बनाने में मददगार साबित होगा। सीनेटर एलिजाबेथ वॉरेन ने अपनी पुस्तक ऑल



योर वर्थ : द अल्टीमेट लाइफटाइम मनी प्लान में 50-30-20 नियम का जिक्र करते हुए बचत के तरीके बताए हैं।

## एलन मस्क की ताकत बढ़ी, पर लोकप्रियता व संपत्ति के मोर्चे पर नुकसान

**नई दिल्ली।** अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप की सत्ता में वापसी का फायदा दुनिया के सबसे अमीर शख्स एलन मस्क को नि:संदेह मिला है। बीते कुछ महीनों में वॉशिंटन के राजनीतिक गलियारों में उनकी ताकत काफी हद तक बढ़ी है। हालांकि, इस दौरान उनकी लोकप्रियता में गिरावट आई है। एक सर्वेक्षण में यह बात सामने आई है। संपत्ति के मार्चे पर भी उन्हें नुकसान उठाना पड़ा है। ब्लूमबर्ग बिलेनियर इंडेक्स के अनुसार बीते एक साल में मस्क की संपत्ति $97.7 अरब डॉलर तक घटी है। हालांकि, एलन मस्क 335 अरब डॉलर की कुल संपत्ति के साथ अब भी दुनिया के सबसे अमीर शख्स बने हुए हैं।

## रोचक तथ्यों का करंट



- दुनियाभर में सभी उम्र के 350 मिलियन लोग अवसाद से ग्रस्त हैं।
- मादक द्रव्यों के सेवन संबंधी समस्याओं के लगभग 30% लोग भी अवसाद से पीड़ित हैं।
- पुरुषों की तुलना में महिलाओं में लगभग दो गुणा अधिक होने की वजह से प्रमुख अवसाद से पीड़ित हैं।
- जिन लोगों में से 15% अवसाद से ग्रस्त होते हैं, वे हर साल अपनी जान लेते हैं।
- अवसाद के कारण आपको सामान्य रूप से 3 से 4 गुना अधिक सपने आते है।
- नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ (एनआईएच) के मुताबिक, 6% से अधिक बच्चे अवसाद से ग्रस्त हैं और उनमें से 4.9% की बड़ी अवसाद है।
- गंभीर अवसाद कोशिकाओं में बुढ़ापे की प्रक्रिया को बढ़ाकर हमें जैविक रूप से अधिक उम्र का बना सकता है।
- अवसाद के लगभग 80% पीड़ित उपचार प्राप्त नहीं कर रहे हैं।
- हास्य कलाकारों और हास्यास्पद लोगों पर किए गए शोध से पता चला है कि वे आमतौर पर औसत से अधिक उदास हैं।

## राशिफल

**मेष:** आराम व मनोरंजन के साधनों पर व्यय होगा। वैवाहिक प्रस्ताव प्राप्ति के योग हैं। राजकीय बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी।

**वृष:** जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा। भेंट व उपहार पर व्यय हो सकता है। किसी मामले की चिंता रह सकती है।

**मिथुन:** शारीरिक कष्ट की आशंका है। कार्य में विघ्न हो सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। परीक्षा व साक्षात्कार इत्यादि में सफलता प्राप्त होगी।

**कर्क:** पुराना रोग उभर सकता है। अपेक्षित कार्यों में विलंब होने से तनाव रहेगा। आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है, सावधानी रखें।

**सिंह:** व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य खराब हो सकता है। खान-पान का ध्यान रखें। प्रयास सफल रहेंगे। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। राजमान के योग हैं।

**कन्या:** प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परेशानी हो सकती है। मन तथा शरीर में थकान महसूस होगी। घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय होगा।

**तुला:** कोई बड़ा काम होने से प्रसन्नता रहेगी। भाग्य का साथ रहेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। धन प्राप्ति व रोजगार में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक:** किसी मद में बड़ा खर्च हो सकता है। आर्थिक? स्थिति कमजोर हो सकती है। किसी के उकसाने में न आएं। महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें।

**धनु:** आशंका-कुशंका के चलते निर्णय लेने की क्षमता कम होगी। थकान रह सकती है। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।

**मकर:** लोगों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। बिगड़े काम बनेंगे। उत्साह व प्रसन्नता से कार्य कर पाएंगे।

**कुंभ:** किसी धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने का अवसर मिल सकता है। आत्मिक शांति रहेगी। किसी विवाद में विजय प्राप्त होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**मीन:** वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में सावधानी रखें। विशेषकर युवा वर्ग लापरवाही न करें। भागदौड़ अधिक होगी।

## चुटकुले

पप्पू स्कूल में गधा लेकर आया
टीचर- यह क्यों लेकर आए हो?
पप्पू- मैम, आप ही तो कहती हो कि मैंने बड़े से बड़े गधों को इंसान बनाया है...
तो मैंने सोचा कि इसका भी भला हो जाए...

संता: मैंने कल तुझे कितनी बार फोन मिलाया, तुमने उठाया क्यों नहीं?
बंता: क्यों उठाऊं फोन? कल जो मैंने 30 रुपये देकर जो गाना लगवाया है वो क्या तुम्हारा बाप सुनेगा।

लड़का: शादी कर लो मुझसे।
लड़की: क्यों?
लड़का: बहुत डिमांड में हूं।
पूरा देश मुझे ढूंढ रहा है।
लड़की: कौन हो तुम?
लड़का: विकास...

## 29 04 2025 करंट क्राइम

### जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

# आज के जन्मदिन

**सेलेब्रिटी जन्मदिन**



सिद्धांत चतुर्वेदी
अभिनेता



मीनल कागरा



पूजा शशांक शर्मा



संजय कुशवाहा




बलिष्टर सिंह



नितेश पाल



सचिन त्यागी



समीर



कुनाल



मनु चौधरी



पुष्कर सिंह रावत



अमित शर्मा



अंकित त्यागी



डॉ. जीपी मधुरिमा



वीके शर्मा



शुभम सोनी



निरंजन कसाना



प्रभात कुमार ओझा



प्रशांत कुमार



विक्रम सिंह



रवि शर्मा



शिखर शर्मा

सूचना: आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email: currentcrimenews@gmail.com

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# विराट एक टीम के खिलाफ सर्वाधिक रन बनाने वाले दूसरे बल्लेबाज, चेज करते हुए बनाया सत्र का चौथा 50+ स्कोर



**मुंबई।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली शानदार फॉर्म में नजर आ रहे हैं। उन्होंने रविवार को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ दमदार अर्धशतकीय पारी खेलकर अपनी टीम को जीत दिलाई। इस मैच में किंग कोहली ने कई उपलब्धियां हासिल कर लीं। वह किसी एक टीम के खिलाफ सबसे ज्यादा रन बनाने वाले दूसरे बल्लेबाज बन गए।

### एक टीम के खिलाफ सबसे ज्यादा 50+ स्कोर बनाने वाले बल्लेबाज बने विराट

मौजूदा सत्र में लक्ष्य का पीछा करते हुए विराट कोहली ने चौथी बार 50 से ज्यादा रनों की पारी खेली। उन्होंने इससे पहले पंजाब किंग्स के खिलाफ 54 गेंदों में 73 रनों की नाबाद पारी खेली थी। इसके अलावा 36 वर्षीय बल्लेबाज ने राजस्थान के खिलाफ 62 और कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ 59 रनों की नाबाद पारी खेली थी। इस मैच में विराट ने एक और उपलब्धि हासिल कर ली। वह आईपीएल में किसी एक टीम के खिलाफ सबसे ज्यादा 50+ स्कोर बनाने वाले बल्लेबाज बन गए। उन्होंने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 11वीं बार 50 से ज्यादा रनों की पारी खेली। इस मामले में पूर्व कप्तान ने डेविड वॉर्नर को पीछे छोड़ दिया, जिन्होंने आरसीबी के खिलाफ 10 बार यह कारनामा किया था। हालांकि, इस मामले में भी वॉर्नर ही शीर्ष पर हैं जिन्होंने पंजाब किंग्स के खिलाफ 13 बार 50 से ज्यादा रन बनाए हैं।

क्रुणाल पांड्या और विराट कोहली की शतकीय साझेदारी के बदौलत रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने दिल्ली कैपिटल्स को छह विकेट से हराकर सत्र की सातवीं जीत दर्ज की। वहीं, यह उनकी घर से बाहर लगातार छठी जीत है। इस मैच में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी दिल्ली कैपिटल्स ने 20 ओवर में आठ विकेट खोकर 162 रन बनाए। जवाब में आरसीबी ने 18.3 ओवर में चार विकेट खोकर 164 रन बनाए और मुकाबला अपने नाम कर लिया। दिल्ली के लिए अक्षर पटेल ने दो और दुष्मंथा चमीरा ने एक विकेट लिया।

### विराट ने हासिल की बड़ी उपलब्धि

सलामी बल्लेबाज विराट कोहली दिल्ली के लिए मुसीबत साबित हुए। उन्होंने 47 गेंदों में चार चौके की मदद से 51 रन बनाए और अपनी टीम को जीत की दहलीज पर पहुंचाया। दाएं हाथ के बल्लेबाज ने सत्र का छठा और अपने करियर का 61वां अर्धशतक इस मुकाबले में पूरा किया। इसी के साथ विराट किसी एक टीम के खिलाफ आईपीएल में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले दूसरे बल्लेबाज बन गए। दिल्ली के खिलाफ कोहली ने 1130 रन बनाए हैं। इस मामले में शीर्ष पर डेविड वॉर्नर हैं, जिन्होंने पंजाब किंग्स के खिलाफ 1134 रन बनाए हैं। कोहली अब वॉर्नर का रिकॉर्ड तोड़ने से महज पांच रन दूर हैं।

# भारत के 21 मुक्केबाजों से स्वर्ण पदक की आस, जूनियर एशियाई चैंपियनशिप के फाइनल में पेश करेंगे चुनौती



**नई दिल्ली।** भारत ने जूनियर एशियाई चैंपियनशिप में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा है जिसमें छह महिलाओं सहित सात और मुक्केबाजों ने अंडर-17 फाइनल में जगह पक्की कर ली। भारत ने अब तक 43 पदक पक्के कर लिये हैं जिसमें से अंडर-15 और अंडर-17 वर्ग में 21 मुक्केबाज स्वर्ण के लिए मुकाबला करेंगे।

अंडर-17 महिला मुक्केबाज अहाना शर्मा (50 किग्रा) ने रविवार को किर्गिस्तान की अकमारल अमांतायेवा पर शुरूआती दौर में ही नॉकआउट जीत के साथ फाइनल में प्रवेश किया। खुशी चंद (44-46 किग्रा) ने यूक्रेन की ओलेक्सांद्रा चेरेवाटा को 3-2 से हराया, जबकि जन्नत (54 किग्रा), सिमरनजीत कौर (60 किग्रा), हर्सिका (63 किग्रा) और अंशिका (80 किग्रा से अधिक) ने भी शानदार जीत दर्ज करते हुए फाइनल मुकाबलों में अपनी जगह पक्की की। पुरुषों के अंडर-17 वर्ग में देवांश (80 किग्रा) ने शानदार प्रदर्शन करते हुए वियतनाम के गुयेन ट्रोंग तिएन को 4-1 से हराकर फाइनल में अपनी जगह पक्की की। यह एशियाई मुक्केबाजी द्वारा आयोजित पहला आयोजन है, जिसे एशियाई ओलंपिक परिषद और नवगठित विश्व मुक्केबाजी दोनों का समर्थन प्राप्त है।

# लिवरपूल ने इंग्लिश प्रीमियर लीग 2024-25 का खिताब जीता: आखिरी लीग मैच में टोटेनहम को 5-1 से हराया





**नई दिल्ली।** प्रीमियर लीग 2024-25 में लिवरपूल ने रविवार को टोटेनहम हॉटस्पर के खिलाफ अपना आखिरी लीग मैच खेलते हुए 5-1 से जीत दर्ज की। इसके साथ ही पॉइंट टेबल में वह नंबर वन पर पहुंच कर खिताब अपने नाम किया। लिवरपूल का यह 20वां खिताब है। इसके साथ ही सबसे ज्यादा यह खिताब हासिल करने वाले मैनचेस्टर यूनाइटेड की बराबरी की।

लिवरपूल ने शुरूआत में पिछड़ने के बाद मैच में वापसी की पहले हाफ में लिवरपूल शुरूआत में पिछड़ कर मैच में वापसी की। 12वें मिनट में ही टोटनहम की ओर से डोमिनिक सोलांके ने जेम्स मैडिसन के कॉर्नर से शानदार हेडर गोल कर टीम को 1-0 से बढ़त दिला दी। लेकिन लिवरपूल ने महज चार मिनट बाद लुईस डियाज के गोल से बराबरी हासिल कर ली।

लुइस डियाज ने डोमिनिक स्जोबोस्लाई के क्रॉस पर गोल कर दिया, लेकिन रेफरी ने ऑफसाइड करार दिया। हालांकि, रिव्यू में गोल को सही पाया गया जिससे स्कोर 1-1 से बराबर हुआ। इसके बाद एलेक्सिस मैक एलिस्टर ने 24वें मिनट में शानदार गोल कर लिवरपूल को 2-1 से बढ़त दिला दी। फिर कोडी गाकपो ने तीसरा गोल दागकर लिवरपूल को हाफ टाइम तक 3-1 से आगे कर दिया। दूसरे हाफ में लिवरपूल ने किए दो गोल दूसरे हाफ में भी लिवरपूल ने अपना दबदबा कायम रखा और दो गोल किए। टॉप स्कोरर मोहम्मद सालाह ने डोमिनिक सोबोस्लाई के पास पर शानदार गोल कर टीम को 4-1 से आगे कर दिया। उसके बाद उन्होंने एक फैन का फोन लेकर कॉप एंड के सामने सेल्फी ली, जिससे स्टेडियम में खुशी की लहर दौड़ गई। 70वें मिनट में टोटनहम के डेस्टिनी उडोगी के आत्मघाती गोल ने लिवरपूल की बढ़त 5-1 कर दी और मुकाबला पूरी तरह एकतरफा हो गया। जिसके बाद मैच में औपचारिकता रह गई। इस जीत के साथ ही लिवरपूल के 82 अंक हो गए हैं और अब वे दूसरे स्थान पर मौजूद आर्सेनल से 15 अंक आगे है।

# पहले मैच में कस्टम नई दिल्ली ने शाह क्लब शामपुरा को 2-0 से दी मात



**नई दिल्ली।** पुलिस मैदान धर्मशाला में रविवार को शहीद मेजर दुर्गा मल और कैप्टन दल बहादुर की पुण्य स्मृति में नेशनल फुटबाल टूनामेंट का शुभारंभ पर्यटन निगम के अध्यक्ष आरएस बाली ने किया। प्रतियोगिता में पहला मैच कस्टम दिल्ली और शाह क्लब शामपुरा के बीच खेला गया। इसमें कस्टम दिल्ली की टीम ने शाह क्लब की टीम को 2-0 से पराजित कर अगले दौर में प्रवेश कर लिया। मैच में कस्टम दिल्ली को ओर अशीष शाह और निखिल ने एक-एक गोल यया। प्रतियोगिता के शुभारंभ मुख्यातिथि आरएस बाली ने कहा कि धर्मशाला को अंतर्राष्ट्रीय स्तर की स्पोर्ट्स सिटी के रूप में विकसित किया जाएगा। धर्मशाला में सिंथेटिक टैक, इंडोर स्टेडियम तथा साई हॉस्टल, क्रिकेट स्टेडियम सहित खेलों के लिए कई सुविधाएं उपलब्ध हैं। इसके साथ ही धर्मशाला के सकोह में आइस स्केटिंग और रोलर स्केटिंग रिंक का निर्माण प्रस्तावित है। 45 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली इस परियोजना के लिए 65 कनाल भूमि पर्यटन विभाग के नाम हस्तांतरित की जा चुकी है।

इससे पहले आयोजन समिति के अध्यक्ष हेमंत कुमार गुरंग ने मुख्यातिथि का स्वागत करते हुए खेल आयोजन के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की। मुख्यातिथि ने एथलेटिक्स में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए आकृति, कबड्डी में अंशुल, शैक्षणिक क्षेत्र में रणदीप, रक्त करने वाले रक्तदाता सोनु कुमार को सम्मानित भी किया। इस अवसर पर मुख्यातिथि ने खेल आयोजन के लिए अपनी तरफ से 50 हजार रुपये भी स्वीकृत किए गए। इस अवसर पर मिनिस्टर डिप्टी चीफ ऑफ मिशन नेपाल डा सुरेंद्र थापा, पूर्व महापौर देवेंद्र जग्गी, पार्षद अनुराग, हरभजन चैधरी और रमेश पप्पी सहित विभिन्न गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### कबड्डी में ऊना ने बाड़ी को 41-23 से हराया

विधायक सदर आशीष शर्मा ने रविवार को ग्राम पंचायत बाड़ी फरनोल में आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस प्रतियोगिता में हमीरपुर समेत अन्य जिलों की करीब 12 टीमों ने भाग लिया। फाइनल मुकाबला ऊना और बाड़ी की टीमों के मध्य हुआ। इसमें ऊना ने 41 के मुकाबले 23 पॉइंट्स से मैच को अपने नाम कर लिया। इस अवसर पर विधायक आशीष शर्मा ने सभी युवाओं से खेलों में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि खेल हमें मानसिक और शारीरिक रूप से सेहतमंद रखते हैं। आजकल मोबाइल का प्रयोग बच्चे ज्यादा कर रहे हैं। अभिभावकों को भी चाहिए कि वह बच्चों को मोबाइल न देकर उन्हें आउटडोर गेम्स के लिए प्रेरित करें। उन्होंने सभी युवाओं को नशे से दूर रहकर खुद को फिट रखने और पढ़ाई के साथ साथ खेलों में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की। इस मौके पर उन्होंने विजेता व उपविजेता टीमों को इनाम देकर सम्मानित किया। इस मौके पर पंचायत प्रधान सुनीता देवी, रघुवीर सिंह, बीडीसी सदस्य अंकुश कुमार, चमन चोपड़ा, शैंटी ठाकुर, कश्मीर सिंह, सहित अन्य मौजूद रहे।

# शोएब अख्तर का यू-ट्यूब चैनल भारत में बैन

## सरकार ने 16 पाकिस्तानी यूट्यूब चैनलों पर बैन लगाया, पहलगाम अटैक के बाद एक्शन




**नई दिल्ली।** पहलगाम अटैक की रिपोर्टिंग को लेकर भारत ने सोमवार को कई पाकिस्तानी यू-ट्यूब चैनल्स पर बैन लगा दिया है। इनमें क्रिकेटर शोएब अख्तर, डॉन न्यूज, समा टीवी और जिओ न्यूज शामिल हैं। सरकार का कहना है कि ये चैनल्स भारत और सुरक्षा एजेंसियों के खिलाफ झूठी और भ्रामक खबरें चला रहे हैं।

भारत सरकार ने 16 पाकिस्तानी यूट्यूब चैनलों पर बैन लगाया गृह मंत्रालय की सिफारिश पर भारत सरकार ने 16 पाकिस्तानी यूट्यूब चैनलों पर बैन लगा दिया है। सरकारी सूत्रों के मुताबिक, इन चैनलों पर भारत, भारतीय सेना और सुरक्षा एजेंसियों के खिलाफ भड़काऊ, सांप्रदायिक और भ्रामक खबरें फैलाने का आरोप है।

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमला जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को टूरिस्टों को निशाना बनाकर किए गए आतंकी हमले में 26 लोगों की मौत हो गई थी। पीड़ितों को क्षेत्र की एक फेमस बैसरन घाटी में गोली मार दी गई थी। यह हमला 2019 के पुलवामा हमले के बाद से क्षेत्र में सबसे घातक हमलों में से एक है।

# दक्षिण एशियाई युवा टेबल टेनिस चैंपियनशिप में भारत का जलवा, 13 स्वर्ण पदक अपने नाम किए



**नई दिल्ली।** भारत ने दक्षिण एशियाई युवा टेबल टेनिस चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए 13 स्वर्ण और तीन रजत पदक जीते। इस साल की युवा एशियाई चैंपियनशिप इस की क्वालीफिकेशन प्रतियोगिता में रविवार को विभिन्न श्रेणियों में भारतीय खिलाड़ियों ने दबदबा बनाया।

भारतीय टीम ने अंडर-19 लड़कियों, अंडर-15 लड़कों और अंडर-15 लड़कियों के वर्ग में तीन स्वर्ण पदक जीते। भारतीय खिलाड़ियों ने अंडर-19 और अंडर-15 युगल और मिश्रित युगल स्पधाओं सहित सभी छह स्वर्ण भी पदक जीते। इसके अलावा भारत ने अंडर-19 लड़कों और लड़कियों के एकल मुकाबलों में चार स्वर्ण पदक हासिल किए।

टीम स्पधाओं में पृथा वर्तिकार, अनन्या चंदे, हार्दी पटेल और दीया ब्रम्हचारी ने नेपाल को 3-1 से हराकर अंडर-19 लड़कियों का स्वर्ण पदक जीता। प्रतीति पॉल, आरुषि नंदी, अद्विका अरवल और तन्मयी साहा ने अंडर-15 लड़कियों के वर्ग में श्रीलंका को 3-0 से हराकर स्वर्ण पदक जीता।

अंडर-19 लड़कों के एकल फाइनल में कुशाल चोपड़ा ने साथी भारतीय आर बालामुरुगन को 3-1 से हराकर स्वर्ण पदक जीता जिससे भारतीयों ने शीर्ष दो स्थान हासिल किए। अंडर-19 लड़कियों के एकल में भी शीर्ष दो स्थान भारतीयों के नाम रहे जब अनन्या चंदे ने पृथा वर्तिकार को 3-1 से हराकर स्वर्ण पदक जीता।

# लखनऊ पर स्लोओवर रेट के लिए दूसरी बार फाइन

### पंत पर 24 लाख का जुमार्ना, प्लेइंग इलेवन और इम्पैक्ट प्लेयर पर भी फाइन



**मुंबई।** लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान ऋषभपंत पर स्लो ओवर रेट के लिए 24 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया गया है। साथ ही इंपैक्ट प्लेयर सहित प्लेइंग इलेवन में शामिल खिलाड़ियों को भी 6 लाख रुपये या मैच फीस का 25 प्रतिशत जो भी कम हो जुमार्ना के तौर पर देना होगा। लखनऊ पर यह जुमार्ना 27 अप्रैल को मुंबई में मुंबई इंडियंस और लखनऊ सुपर जायंट्स के बीच हुए मैच में निर्धारित समय तक पूरा ओवर नहीं फेंकने की वजह से लगाया गया है। लखनऊ का इस सीजन में दूसरा स्लोओवर रेट है।

लखनऊ को 6 विकेट से मिली हार क्ढछ-18 के 46वें मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने दिल्ली कैपिटल्स को 6 विकेट से हरा दिया। अरुण जेटली स्टेडियम में दिल्ली ने 8 विकेट खोकर 162 रन बनाए। रविवार को बेंगलुरु ने क्रुणाल पंड्या और विराट कोहली के फिफ्टी की बदौलत 19वें ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर टारगेट हासिल कर लिया।

लखनऊ पॉइंट टेबल में छठे नंबर पर लखनऊ को 10 मैचों में 5 जीत और 5 हार मिली। टीम 10 पॉइंट्स के साथ छठे नंबर पर है। एलएसजी को प्लेऑफ में जगह बनाने के लिए बचे हुए चारों मैच जीतने ही होंगे।

आठवीं इस सीजन में लगा स्लोओवर रेट इस सीजन में आठवीं बार स्लोओवर रेट के लिए जुमार्ना लगाया है। लखनऊ सुपर जायंट्स और राजस्थान रॉयल्स पर दो बार, मुंबई इंडियंस, और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, दिल्ली कैपिटल्स और गुजरात टाइटंस पर एक-एक बार जुमार्ना लगाया जा चुका है।

# मुंबई-बेंगलुरु का दबदबा, गुजरात का भी परचम बुलंद, दिल्ली-पंजाब के बीच रोचक हुई प्लेऑफ की जंग



**मुंबई।** आईपीएल 2025 अब रोमांचक मोड़ पर पहुंच चुका है। 46 मैच खेले जा चुके हैं और प्लेऑफ के लिए जंग दिलचस्प हो चुकी है। आठ टीमों के बीच चार स्थानों के लिए लड़ाई है। राजस्थान रॉयल्स और चेन्नई सुपर किंग्स इस रेस से बाहर हो चुकी है। हालांकि, इस पूरे सीजन में काफी उतार चढ़ाव देखने को मिले हैं। कुछ टीमों ने अच्छी शुरूआत की, लेकिन दूसरे हाफ में उसे बरकरार रखने में कामयाब नहीं हो पाए हैं। वहीं, एक टीम है, जिसका पहले हाफ में खराब प्रदर्शन रहा था, अब दूसरे हाफ में उन्होंने जबरदस्त वापसी की है। वहीं, दो टीमें ऐसी हैं, जिन्होंने शुरू से लेकर अभी तक अपने कंसिस्टेंट प्रदर्शन को बरकरार रखा है

आरसीबी की टीम अंक तालिका में शीर्ष पर है। उसके 10 मैचों में सात जीत और 14 अंक हैं। वहीं, गुजरात 12 अंक लेकर दूसरे स्थान पर है। मुंबई और दिल्ली के भी 12-12 अंक हैं, लेकिन नेट रन रेट में गुजरात से पीछे है। एमआई तीसरे और दिल्ली चौथे स्थान पर है। पंजाब किंग्स 11 अंक लेकर पांचवें, लखनऊ सुपर जाएंट्स 10 अंक लेकर छठे स्थान पर है। तीन बार की चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स सात अंक लेकर सातवें, 2016 की चैंपियन सनराइजर्स हैदराबाद छह अंक लेकर आठवें स्थान पर है। राजस्थान और चेन्नई के चार-चार अंक हैं और दोनों अंक तालिका में सबसे नीचे हैं।

इस सीजन दिल्ली और पंजाब ने शानदार शुरूआत की थी। दिल्ली ने अपने शुरूआती छह में से पांच मैच जीते थे। टीम एक वक्त अंक तालिका में शीर्ष पर थी। हालांकि, छठे मैच के बाद इस टीम के प्रदर्शन में गिरावट आई और टीम अगले तीन में से सिर्फ एक मैच जीत पाई है। वहीं, पंजाब ने अपने शुरूआती सात में से पांच मैच जीते। हालांकि, अगले दो मैच उनके पक्ष में नहीं रहे और टीम अंक तालिका में लुढ़क गई।

आरसीबी के खिलाफ हार और एक मैच बारिश की वजह से धुलने से पंजाब को नुकसान हुआ है। अब जब प्लेऑफ की जंग रोमांचक हो चली है, ऐसे में इन दोनों टीमों को एड़ी चोटी का जोर लगानी होगी। अगर 16 अंक को क्वालिफिकेशन मार्क माना जाए तो दिल्ली को बाकी बचे पांच में से कम से कम दो मैच जीतने होंगे, जबकि पंजाब को बाकी बचे पांच में से कम से कम तीन मैच जीतने होंगे।

वहीं, पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस ने इस सीजन काफी प्रभावित किया है। टीम की शुरूआत बेहद खराब रही थी और शुरूआती पांच मैच के बाद किसी ने नहीं सोचा था कि यह टीम प्लेऑफ की रेस में भी रहेगी। शुरूआती पांच में से मुंबई ने सिर्फ एक मैच जीता था और चार गंवाए थे। दो अंक और -0.01 के नेट रन रेट के साथ एक वक्त टीम नौवें स्थान पर थी। हालांकि, अगले पांच मैचों ने इस टीम की तकदीर ही पलट कर रख दी। मुंबई ने अगले पांचों मैच जीते और अब 10 मैच के बाद टीम छह जीत और चार हार के साथ अंक तालिका में तीसरे स्थान पर है। उसके 12 अंक हैं और नेट रन रेट +0.89 है। मुंबई ने इससे पहले (2008 और 2010 को छोड़कर) जब भी लगातार पांच मैच जीते हैं, टीम चैंपियन बनी है।

साल, 2013, साल 2015, साल 2017 (लगातार छह मैच जीते थे) और साल 2020 में मुंबई ने लगातार पांच मैच जीते थे और चैंपियन बनी थी। वहीं, साल 2010 में भी मुंबई ने लगातार पांच मैच जीते थे और फाइनल में भी पहुंची थी, लेकिन सीएसके के हाथों उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। साल 2008 में टीम ने लगातार छह मैच जीते थे, लेकिन सेमीफाइनल में नहीं पहुंच पाई थी। हालांकि, जिस तरह से ये टीम अब खेल रही है, इन्हें हरा पाना किसी के लिए भी आसान नहीं होगा। मुंबई के लिए प्लेऑफ के दरवाजे पूरी तरह खुले हैं और उन्हें बाकी बचे चार में से कम से कम दो जीत हासिल करनी है। आरसीबी का प्लेऑफ में पहुंचना तय माना जा रहा है। कम से कम एक जीत उन्हें प्लेऑफ में पहुंचा देगी। टीम को अभी चार और मैच खेलने हैं। आरसीबी की बल्लेबाजी से लेकर गेंदबाजी और फील्डिंग, तीनों में ही टीम अव्वल दिखी है। वहीं, दूसरे स्थान पर काबिज गुजरात टाइटंस का प्रदर्शन भी शानदार रहा है। 2022 की चैंपियन यह टीम शुभमन गिल के नेतृत्व में बेहतरीन प्रदर्शन कर रही है।

### केकेआर, लखनऊ और सनराइजर्स का हाल

वहीं, कोलकाता और सनराइजर्स के लिए अब प्लेऑफ में जगह बनाने की राह काफी कठिन है। हालांकि, क्रिकेट अनिश्चितताओं का खेल है, लेकिन फिर भी जो समीकरण बन रहे हैं, उसमें इन्हें खुद की जीत के साथ-साथ अन्य टीमों के नतीजों पर भी निर्भर रहना होगा। केकेआर को अब पांच में से पांच में जीत की जरूरत है। वहीं, सनराइजर्स को भी पांच में से पांच मैच जीतने हैं। इसके बावजूद केकेआर अधिकतम 17 अंक और सनराइजर्स 16 अंक तक पहुंच सकेगी। इसके बाद इन्हें अन्य टीमों के नतीजों पर निर्भर रहना होगा। लखनऊ सुपर जाएंट्स ने भी सीजन की शुरूआत अच्छी की थी, लेकिन जैसे-जैसे टूनार्मेंट आगे बढ़ा, टीम की कमजोरियां सामने आने लगी हैं। टीम के अगर शुरूआती तीन बल्लेबाज नहीं चलते हैं तो पूरी टीम ढह जाती है। अब अगर लखनऊ को प्लेऑफ में पहुंचना है तो उन्हें बाकी बचे चार में से कम से कम तीन मैच जीतने ही होंगे। एक भी हार से उन पर तलवार लटक जाएगी।

### आरसीबी और गुजरात ने जीता दिल

दो टीम, जिसने अब तक सबसे ज्यादा प्रभावित किया है, वह हैं रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और गुजरात टाइटंस। आरसीबी इस साल अलग ही लय में खेल रही है। टीम ने विपक्षी के मैदान पर लगातार छह में से छह मैच जीते हैं। ऐसा आरसीबी ने पहली बार किया है। इससे पहले 2015 में भी आरसीबी ने विपक्षी मैदान पर छह मैच जीते थे, लेकिन ऐसा उन्होंने नौ मैचों में किया था, लगातार नहीं। इस सीजन टीम ने प्रभावी प्रदर्शन किया है और विपक्षी टीमों को कोई मौका नहीं दिया है। यही वजह है कि टीम 10 में से सात मैच जीतकर और तीन मैच हारकर अंक तालिका में फिलहाल शीर्ष पर है। उसके 14 अंक हैं और नेट रन रेट +0.521 है। तीन मैच उन्होंने अपने घरेलू मैदान पर गंवाए थे।

# भाजपा के पूर्व महानगर अध्यक्ष स्व. चंद्रमोहन शर्मा और उनकी धर्मपत्नी स्व. संध्या शर्मा की पुण्य तिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। भाजपा के पूर्व महानगर अध्यक्ष तथा वरिष्ठ अधिवक्ता स्व. चंद्रमोहन शर्मा और उनकी धर्मपत्नी स्व. संध्या शर्मा का कोरोना काल में निधन हो गया था। सोमवार को उनकी चतुर्थ पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा और भण्डारे का आयोजन किया गया। भाजपा कार्यालय पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा और भण्डारे में भाजपा के सभी नेता पहुंचे। सभी ने स्व. चंद्रमोहन शर्मा को याद करते हुए उनके साथ अपने संस्मरण साझा किये। श्रद्धांजलि सभा में पहुंचे सभी नेताओं स्व. चंद्रमोहन शर्मा और स्व. संध्या शर्मा को श्रद्धासुमन अर्पित किये। स्व. चंद्रमोहन शर्मा और स्व. संध्या शर्मा के सुपुत्र डॉ. नितिन मोहन शर्मा ने अपने माता-पिता को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि मेरे पुज्य पिता ने अपना संपूर्ण जीवन न्याय, जनसेवा और भाजपा के आदर्शों के लिये समर्पित कर दिया। उनका संघर्षशील जीवन हम सबके लिये प्रेरणा स्रोत है। मेरी माता स्व. संध्या शर्मा ने हमेशा भाजपा की विचारधारा के साथ काम किया और एक मां होने के नाते उन्होंने हमें उच्च संस्कार दिये। मेरे माता-पिता हमेशा पूरे परिवार के लिये प्रेरणास्रोत रहेंगे।




## रील बनाने वाले पुलिसकर्मी हो जाएं अलर्ट

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में नए आदेश और फरमान बहुत तेजी से आ रहे हैं। तो इससे पुलिसकर्मियों की अब धीरे-धीरे टेंशन बढ़नी शुरू हो गई है। बताया जा रहा है कि सोमवार को पुलिस कमिश्नर द्वारा कमिश्नरेट की पुलिसिंग सुधारने के लिए लंबे चौड़े दिशा-निर्देश जारी करते हुए कई महत्वपूर्ण विषयों पर पुलिसकर्मियों को सावधानी बरतने और इसे अपनी दैनिक पुलिसिंग में इस्तेमाल करने का निर्देश दिया गया है। साथ ही पुलिस कमिश्नरेट में तैनात उन पुलिसकर्मियों की आने वाले दिनों में टेंशन बढ़ सकती है, जो सोशल मीडिया पर जमकर रील बनाते हैं, रील को लेकर उनका जो क्रेज है वह उनके लिए परेशानी का कारण बन सकता है। एक जारी आदेश में कहा गया है कि सोशल मीडिया पर रील बनाकर वायरल करने का चलन अधिक बढ़ गया है, यह मुख्यालय पुलिस महानिदेशक के निदेशों का उल्लंघन है, इस पर नियंत्रण की आवश्यकता है। यह स्पष्ट संदेश है कि आने वाले दिनों में पुलिस के वह कर्मचारी-अधिकारी जो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वर्दी और ड्यूटी के दौरान किसी भी तरीके की वीडियो एवं रील बनाते हैं वह सावधान हो जाएं। उनपर



अधिकारियों की नजर और निगरानी है। वहीं लापरवाही मिलने पर दोषियों को बक्शा नहीं जाएगा और कार्रवाई की जाएगी। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में उन पुलिसकर्मियों को भी अलर्ट रहना होगा, जो संतरी ड्यूटी पर तैनात होते हैं, वह मोबाइल फोन ब्लूटूथ, लीड, ईयरफोन का इस्तेमाल नहीं करेंगे, अक्सर देखने में आता है कि ऐसी ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मी या तो अपने फोन में बिजी रहते हैं या वह लीड या ईयर फोन लगाकर वीडियो एवं कॉलिंग पर व्यस्त रहते हैं। कुल मिलाकर कई अन्य दिशा निर्देश भी जारी किए गए हैं, जिसमें बिना नेम प्लेट या टोपी के रहने वाले पुलिसकर्मियों को खास हिदायत दी गई है। तो वहीं पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में 8 वरिष्ठ अधिकारियों के सीयूजी नंबर भी जारी किए गए हैं, जिसके बाद कहा जा रहा है कि आने वाले दिनों में बहुत सारे बदलाव व परिवर्तन पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में देखने को मिलेंगे और कई बड़ी कार्रवाईयों से सन्देश भी दिए जाएंगे। कुल मिलाकर देखना होगा आने वाले दिनों में पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अलग-अलग जोन में माहौल कैसे बदलते हैं, यह देखने वाली बात रहेगी।

# नेहा राठौर पर आगबबूला हुए लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर

### कहा- आईएसआई की एजेंट और आतंकी संगठन टीआरएफ से जुड़े हैं कनेक्शन

### देश विरोधी ट्वीट एवं वीडियो मामले में मुकदमा दर्ज कराने के लिए दी तहरीर



**लोनी, करंट क्राइम।** रविवार को लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने 'का बा फेम' नेहा राठौर द्वारा किये जा रहे लगातार ट्वीट और वीडियो को देश-विरोधी कृत्य बताया। विधायक ने मामले में रासुका के तहत मुकदमा दर्ज करने के लिए लोनी कोतवाली में तहरीर दी। विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने कहा आतंकी हमले के बाद पूरा देश एकजुट है लेकिन नेहा राठौर नामक महिला के द्वारा अपने ट्वीट व वीडियो संदेश से देश के खिलाफ सुनियोजित प्रोपेगंडा और पाकिस्तान के लिए सहानुभूति तैयार करने का काम किया जा रहा है जोकि देश के खिलाफ युध्द और किसी बड़े षड्यंत्र का हिस्सा है। वहीं दूसरी तरफ सोशल मीडिया पर भी नेहा राठौर के ट्वीट और वीडियो पर नेटीजन में काफी आक्रोश देखने को मिल रहा है। अवगत कराना है कि नेहा राठौर द्वारा अपने एक्स (पूर्व में ट्वीटर) एकाउंट https://x.com/nehafolk पर जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर लगातार आपत्तिजनक, भ्रामक और देशविरोधी ट्वीट और वीडियो संदेश जारी किया जा रहा है। विधायक ने कहा, नेहा राठौर के विरुद्ध रासुका व अन्य धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर, फास्ट ट्रैक अदालत में मुकदमा चलाकर कठोरतम वैधानिक कार्रवाई की जाए, ताकि देशविरोधी गतिविधियों पर सख्त अंकुश लगाया जा सके और भविष्य में इस प्रकार की प्रवृत्तियों को बढ़ावा न मिले।

# लाजपत नगर में पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में निकाला कैंडल मार्च




**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** पहलगाम (जम्मू-कश्मीर) में हुए निर्दोष पर्यटकों पर आतंकी हमले ने पूरे देश को झकझोर रख दिया है। इस बर्बरता के विरोध में लाजपत नगर वार्ड 75 के पार्षद पंडित हिमांशु शर्मा के नेतृत्व में निकाला कैंडल मार्च। लाजपनगर के सी, बी, डी, ल, ए जी ब्लॉक, शिव शक्ति विहार, एच ब्लॉक अपार्टमेंट, आई ब्लॉक से होते हुए यह यात्रा शनि चौक लाजपत नगर पर समाप्त हुई। जिसमें शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए मोमबत्ती जलाकर अपनी सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करी आज सर्व समाज के आह्वान पर जन आक्रोश सभा में सैकड़ों लोग एकत्र हुए।। लोगों ने पाकिस्तान मुदार्बाद, आतंकवाद मुदार्बादह्व के नारों ने हवा को गरमा दिया। शहीदों के लिए न्याय की, ये हुंकार थी आतंक के खिलाफ भारत की एकजुटता की।

इस यात्रा का मकसद इस देश अमन चैन रहे शांति और न्याय व्यवस्था का राज कायम रहे।

सरकार रहे वह सरकार हिंदुस्तान के 140 करोड़ लोगों द्वारा स्थापित पीएम नरेंद्र मोदी की सरकार है जिसने समय पर देश के शौर्य को बढ़ाने का काम समय-समय पर किया है। और उसे शौर्य के ऊपर जो पाकिस्तान के आतंकवादियों द्वारा कश्मीर की घाटी में नरसंहार किया गया है उसका जवाब सरकार पूरी तरह से देने के लिए संकल्प बंद है। इस अवसर पर महामंत्री पप्पू पहलवान, पूर्व मंडल अध्यक्ष विजेंद्र भड़ाना, पूर्व पार्षद गीता भाटी जी, वार्ड 80 पार्षद राहुल शर्मा, किसान मोर्चा के अध्यक्ष रविंद्र भाटी, किसान मोर्चा कोषाध्यक्ष भूपेंद्र नयाल, अलाउद्दीन खान, निजामुद्दीन शाह, राजेश चतुर्वेदी, कमल पाटिल, विकास धामी अभिषेक राणा, सम्मी खान, दिनेश सोनी, अजय मुंजल संजय मित्तल, सुरेश कसाना, मोनू राणा आदि लोग मौजूद रहे।

# पार्षद डॉ. अनिल तोमर ने आतंक के विरोध में जनाक्रोश रैली निकाली





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम के वार्ड 98 के हिन्दू सनातनी भाइयों-बहनों के साथ पार्षद डॉ. अनिल तोमर ने जनाक्रोश रैली निकाली। जिसमें जिहादियों आतंकवादियों के खिलाफ नारे बाजी कर की जिन्होंने ने पहलगाम में पर्यटकों की हत्या की।

पार्षद ने कहा कि हमें पूरी उम्मीद है कि हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सभी हिन्दू भाइयों की हत्या का बदला जरूर लेंगे, और आतंकियों को उनकी औकात दिखा देंगे।

## पाकिस्तान के खिलाफ प्रदर्शन कर, हनुमान मंदिर से तहसील तक पैदल माच निकाला, पुतला फूंका

**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** सोमवार को युवा बजरंग वाहिनी के नेतृत्व में पाकिस्तान के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया। सुबह 11 बजे सी-लाइन स्थित हनुमान मंदिर से प्रदर्शन की शुरूआत हुई। महंत, साधु और पदाधिकारियों ने पैदल मार्च में हिस्सा लिया। प्रदर्शनकारियों ने पाकिस्तान का पुतला लेकर तहसील तक मार्च किया। रास्ते में पाकिस्तान मुदार्बाद के नारे लगाए गए। तहसील पहुंचकर पुतले को जमीन पर पटका और आग लगा दी। प्रदर्शनकारियों ने हर-हर महादेव और भारत माता की जय के नारे भी लगाए। एसडीएम को सौंपे ज्ञापन में पहलगांव घटना में शामिल आतंकवादियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की गई।

## मन की बात





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात का प्रोग्राम वार्ड 84 के पार्षद प्रवीण चौधरी के कार्यालय पर सुना गया। इस अवसर पर क्रय विक्रय समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र सारस्वत, रवा के कोषाध्यक्ष प्रभाकर त्यागी, रवा के उपाध्यक्ष ओमप्रकाश भोला, रवा के डॉक्टर राकेश चावला, सेक्टर 1 के ज्योतिषाचार्य गुप्ता, राजनगर की धमाल चौकड़ी की महिला मंडली मोनिया चौधरी और शशि तोमर सुनील कुमार आदि उपस्थित रहे।

# पाकिस्तान के 80 फीसदी किसान सिंधु जल पर निर्भर, कहा- पानी रुका तो हम भूखे मर जाएंगे

**भारत की तरफ से सिंधु जल समझौता निलंबित किए जाने के बाद पाकिस्तानियों खासकर किसानों को अपने देश के रेगिस्तान में तब्दील होने का खतरा सताने लगा है**

**लतीफाबाद ।** इसी समझौते के कारण पाकिस्तान के 80 प्रतिशत किसानों को फसलों की सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध हो पाता है। खासकर तब, जबकि हर साल मौसमी वर्षा कम होती जा रही है।

सिंधु नदी के किनारे पर स्थित जमीन में होमला ठाखुर ने सब्जियां लगा रखी हैं। वह उन पर कीटनाशकों का छिड़काव कर रहे हैं, लेकिन माथे पर चिंता की लकीरें साफ दिखाई दे रही हैं। सिंधु नदी में पानी कम है, लेकिन वही उनकी फसलों का एकमात्र सहारा है। स्प्रेगन में पानी भरने के लिए सिंधु नदी की तरफ जाने से पहले होमला (40) कहते हैं, अगर उन्होंने पानी रोक दिया तो यह सब कुछ थार रेगिस्तान में तब्दील हो जाएगा। पूरा देश रेगिस्तान बन जाएगा। हम भूखों मर जाएंगे। सिंध प्रांत के लतीफाबाद में नदी किनारे होमला की पांच एकड़ जमीन है। इसी प्रांत से होती हुई सिंधु नदी सागर में मिलती है। होमला की बात का आसपास के 15 से अधिक किसान समर्थन करते हैं।



दोनों ही देशों के सरकारी अधिकारियों व विशेषज्ञों का मानना है कि भारत तत्काल सिंधु नदी के प्रवाह को नहीं रोकेगा। सिंधु समझौते के तहत भारत, पाकिस्तान के हिस्से वाली तीन नदियों सिंधु, झेलम व चेनाब पर सिर्फ जल विद्युत इकाइयों का निर्माण करा सकता है। डैम का निर्माण नहीं करा सकता। हालांकि, सिंधु जल समझौता के निलंबित होने का असर कुछ महीनों दिखने लगेगा। जल संसाधन मंत्री चंद्रकांत रघुनाथ पाटिल ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा था, हम यह सुनिश्चित करेंगे कि सिंधु नदी का एक भी बूंद पाकिस्तान नहीं पहुंचे।

**जलधारा में बदलाव कर अपने किसानों को पानी देगा :** भारत सरकार के दो अधिकारियों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि नई दिल्ली कुछ महीनों के भीतर सिंधु की धारा में बदलाव करते हुए नहरों का निर्माण कराएग, जिससे पानी किसानों तक पहुंचेगा। इसके अलावा भारत डैम का निर्माण करा सकता है। हालांकि, इसमें चार से सात साल लग सकते हैं।

# शी जिनपिंग और डोनाल्ड ट्रंप की फोन पर नहीं हुई कोई बात, चीन ने खारिज किया अमेरिकी राष्ट्रपति का दावा

**बीजिंग ।** चीन के विदेश मंत्रालय ने सोमवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उस दावे को खारिज किया, जिसमें उन्होंने कहा था कि उनके चीनी समकक्ष शी जिनपिंग ने उन्हें फोन किया था। मंत्रालय ने यह भी कहा कि टैरिफ युद्ध का समाधान करने के लिए दोनों देशों के बीच कोई वार्ता नहीं हुई थी। सीएनएन की रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।



चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुओ जियाकुन का यह बयान तब आया, जब ट्रंप ने पिछले हफ्ते टाइम पत्रिका के साथ एक इंटरव्यू में कहा था कि शी जिनपिंग ने उन्हें फोन किया था। जियाकुन ने एक नियमित संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'मेरे मुताबिक दोनों राष्ट्राध्यक्षों के बीच हाल ही में कोई फोन पर कोई बात नहीं हुई है।' उन्होंने कहा, 'मैं यह फिर से कहना चाहता हूं कि चीन और अमेरिका टैरिफ के मुद्दे पर कोई परामर्श या बातचीत नहीं कर रहे हैं।' व्यापार युद्ध पर चीन ने लगातार सख्त रुख अपनाया है, जबकि ट्रंप ने पिछले हफ्ते अपने रुख को नरम किया। ट्रंप ने पिछले हफ्ते कहा कि चीन से अमेरिका आने वाले सामान पर जो भारी टैरिफ लगाए गए थे, वह उन्हें बहुत कम कर देंगे। टाइम पत्रिका को दिए इंटरव्यू में ट्रंप ने कहा था कि उन्होंने (शी जिनपिंग ने फोन) कॉल किया है और मुझे नहीं लगता कि यह उनके लिए कमजोरी का संकेत है।

हालांकि, ट्रंप ने इंटरव्यू में जिनपिंग के साथ फोन पर हुई बातचीत की जानकारी नहीं दी थी। जब सीएनएन ने शुक्रवार को उनसे इस बारे में पूछा तो उन्होंने और अधिक विस्तार से जवाब नहीं दिया। व्हाइट हाउस से बाहर जाते हुए ट्रंप ने कहा, मैं इस पर टिप्पणी नहीं करना चाहता, लेकिन मैंने उनसे कई बार बात की है।

सार्वजनिक रूप से उपलब्ध रिकॉर्ड के अनुसार, जिनपिंग और ट्रंप ने आखिरी बार 17 जनवरी को बात की थी, जो कि अमेरिकी नेता के अपने दूसरे कार्यकाल की शुरूआत से कुछ दिन पहले की बात थी। पिछले हफ्ते से ट्रंप ने कई बार कहा है कि उनकी सरकार चीन के अधिकारियों के साथ व्यापार समझौते को लेकर बातचीत कर रही है।

# फ्रांस की मस्जिद में युवक की हत्या, संदिग्ध आरोपी ने इटली में किया आत्मसमर्पण

**पेरिस ।** फ्रांस की एक मस्जिद में युवक की हत्या करने के संदिग्ध आरोपी ने इटली की पुलिस के सामने आत्मसर्पण कर दिया है। आरोपी ने शुक्रवार को फ्रांस के दक्षिण में स्थित शहर ला ग्रांडे कोम्बे की मस्जिद में एक युवक की हत्या कर दी गई थी। आरोपी ने हमले की घटना को अपने फोन पर रिकॉर्ड भी किया था। साथ ही सुरक्षा कैमरों की फुटेज में भी आरोपी की तस्वीर कैद हुई थी। आरोपी पर ईशनिंदा के भी आरोप लग रहे हैं।



## आरोपी का कोई आपराधिक इतिहास नहीं

फ्रांस के आंतरिक मामलों के मंत्री के कार्यलय से जारी बयान में बताया गया कि संदिग्ध आरोपी ने इटली की पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है। हालांकि इस मामले में ज्यादा जानकारी नहीं दी गई है। अभियोजक पक्ष का कहना है कि यह इस्लामोफोबिक हमला हो सकता है। संदिग्ध आरोपी का जन्म फ्रांस में ही साल 2004 में हुआ था। आरोपी का कोई पिछला आपराधिक इतिहास भी नहीं है। इस बात की जांच की जा रही है कि किन परिस्थितियों से प्रेरित होकर युवक ने हत्या जैसा कदम उठाया।

## फ्रांस के राष्ट्रपति ने जारी किया बयान

फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों का भी इस घटना पर बयान आया है। उन्होंने कहा कि नस्ल और धर्म के आधार पर भेदभाव के लिए फ्रांस में कोई जगह नहीं है। यहां धार्मिक आजादी है। वहीं जिस मस्जिद में युवक की हत्या की गई, उसने बयान जारी कर पीड़ित की पहचान अबु बकर के रूप में की है, जिसे मस्जिद में साफ-सफाई के काम के दौरान मार दिया गया। इस हत्याकांड के खिलाफ रविवार को ला ग्रांडे शहर में विरोध प्रदर्शन भी हुआ।

# यमन में एक बार फिर अमेरिकी हवाई हमला

**सना ।** अमेरिका के यमन में हूती विद्रोहियों के ठिकानों पर हवाई हमले जारी हैं। अब ताजा हमले में हूतियों को भारी नुकसान होने की आशंका है। अमेरिका ने बीती रात ऑपरेशन रफ राइडर के तहत यमन की राजधानी सना में हवाई हमले किए। हूती विद्रोहियों का कहना है कि इस हमले में आठ लोग मारे गए हैं। वहीं अमेरिकी सेना ने बताया है कि बीते एक माह में उन्होंने यमन में हूती विद्रोहियों के ठिकानों पर 800 से ज्यादा हमले किए हैं।



## अमेरिका का दावा- हूतियों के कई नेता किए ढेर

अमेरिकी सेना की सेंट्रल कमांड ने बयान जारी कर बताया कि ऑपरेशन रफ राइडर के तहत हूती विद्रोहियों के ठिकानों को निशाना बनाया गया, जिनमें कई हूती लड़ाके और हूती नेता मारे गए हैं। मारे गए हूतियों में उनके मिसाइल और ड्रोन प्रोग्राम से जुड़े लोग भी शामिल हैं। हालांकि अमेरिका ने हमलों में मारे गए हूतियों की ज्यादा जानकारी नहीं दी है। अमेरिका द्वारा लगातार हूतियों को निशाना बनाया जा रहा है। ट्रंप प्रशासन में बीती 15 मार्च से अमेरिका ने हूतियों पर हमले शुरू किए थे। हूतियों को ईरान का समर्थन है। ऐसे में माना जा रहा है कि ईरान पर दबाव बनाने की रणनीति के तहत अमेरिका यमन में हवाई हमले कर रहा है। अमेरिका परमाणु समझौते पर लेकर ईरान से बात कर रहा है।

अमेरिका ने कहा है कि ईरान की मदद से ही हूती अमेरिकी सेना पर हमले कर सकते हैं, लेकिन जब तक हमारा उद्देश्य पूरा नहीं हो जाता, हम हमले जारी रखेंगे ताकि क्षेत्र में नौवहन की आजादी रहे।

बता दें कि इस्राइल हमास युद्ध शुरू होने के बाद हमास के समर्थन में हूतियों ने लाल सागर इलाके में इस्राइली जहाजों पर हमले शुरू किए थे। इन हमलों के चलते पूरी दुनिया में होने वाला व्यापार प्रभावित हुआ। हूतियों का कहना है कि अमेरिका ने उनके बानी अल हरीथ जिले में हमला किया।

# जॉर्जिया में एक शेरिफ डिप्टी की हत्या ,दूसरा घायल

**इवांस ।** अमेरिका में जॉर्जिया के एक शेरिफ डिप्टी की हत्या कर दी गई। जबकि, दूसरा चेहरे पर गोली लगने से घायल हो गया। कानून प्रवर्तन अधिकारियों के अनुसार, घटना उस समय हुई जब एक मोटर होम (चलता फिरता घर) को रोकने का इशारा किया गया। इस दौरान ड्राइवर ने अचानक गोलीबारी शुरू कर दी। हालांकि, जवाबी कार्रवाई में मोटर होम के ड्राइवर की भी मौत हो गई। घटना शनिवार शाम को ऑगस्टा के पास इंटरस्टेट 20 पर हुई। कोलंबिया काउंटी शेरिफ क्ले व्हिटल ने एक ब्रीफिंग में कहा कि डिप्टी जेम्स ब्लेक मोंटगोमरी नामक व्यक्ति को घरेलू हिंसा मामले में एक अस्थायी सुरक्षात्मक आदेश देने के लिए रोक रहे थे। उन्होंने बताया कि मोंटगोमरी ने पहले तो सहयोग किया। बाद में जब दोनों डिप्टी मुड़े तो उसने अचानक स्वचालित पिस्तौल से गोलियां चलानी शुरू कर दीं। व्हिटल ने कहा, 'उसने शेरिफ कार्यालय के तीन डिप्टी पर गोली चलाई, जिसमें से दो घायल हो गए।



# अफ्रीकी प्रवासियों की जेल पर अमेरिकी हवाई हमला, 30 लोग मारे गए

**सना ।** यमन के हूती विद्रोहियों ने सोमवार को दावा किया कि अमेरिका के हवाई हमले की वजह से अफ्रीकी प्रवासियों को रखने वाली जेल में 68 लोगों की मौत हो गई। हमले में 47 अन्य घायल बताए जा रहे हैं। अमेरिकी सेना ने सादा प्रांत पर हमला बोला। बताया गया कि घटनास्थल पर करीब 115 कैदी बंद थे। हूतियों के अल-मसीरा सैटेलाइट न्यूज चैनल की ओर से प्रसारित ग्राफिक फुटेज में घटनास्थल पर शव और अन्य घायल दिखाई दे रहे थे।



इससे पहले अमेरिका ने बीती रात ऑपरेशन रफ राइडर के तहत यमन की राजधानी सना में हवाई हमले किए। हूती विद्रोहियों का कहना है कि इस हमले में आठ लोग मारे गए। वहीं अमेरिकी सेना ने बताया है कि बीते एक माह में उन्होंने यमन में हूती विद्रोहियों के ठिकानों पर 800 से ज्यादा हमले किए हैं।

अमेरिकी सेना की सेंट्रल कमांड ने बयान जारी कर बताया कि ऑपरेशन रफ राइडर के तहत हूती विद्रोहियों के ठिकानों को निशाना बनाया गया, जिनमें कई हूती लड़ाके और हूती नेता मारे गए हैं। मारे गए हूतियों में उनके मिसाइल और ड्रोन प्रोग्राम से जुड़े लोग भी शामिल हैं। हालांकि, अमेरिका ने हमलों में मारे गए हूतियों की ज्यादा जानकारी नहीं दी है। बता दें कि अमेरिका द्वारा लगातार हूतियों को निशाना बनाया जा रहा है। ट्रंप प्रशासन में बीती 15 मार्च से अमेरिका ने हूतियों पर हमले शुरू किए थे। हूतियों को ईरान का समर्थन है। ऐसे में माना जा रहा है कि ईरान पर दबाव बनाने की रणनीति के तहत अमेरिका यमन में हवाई हमले कर रहा है। अमेरिका परमाणु समझौते पर लेकर ईरान से बात कर रहा है।

# साउथ कैरोलिना के मर्टल बीच पर गोलीबारी

**मर्टल बीच ।** अमेरिका में साउथ कैरोलिना के लोकप्रिय पर्यटक शहर मर्टल बीच पर गोलीबारी की घटना सामने आई है। घटना में 11 लोगों के घायल होने की खबर है। अधिकारियों के अनुसार, घटना के बाद पुलिस ने एक व्यक्ति को गोली मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई। वहीं घायलों का इलाज किया जा रहा है। मर्टल बीच के अधिकारियों के अनुसार, शनिवार रात (स्थानीय समयानुसार) को किसी ने मर्टल बीच पर हथियार से गोलीबारी शुरू कर दी। पुलिस विभाग के अनुसार, तत्काल खतरे को भांपते हुए एक अधिकारी ने एक व्यक्ति को गोली मारी दी।




# भारत की सख्ती के बीच शहबाज को बड़े भाई नवाज की नसीहत

**इस्लामाबाद ।** पहलगाम आतंकी हमले को लेकर भारत के रुख को लेकर पाकिस्तान डरा हुआ है। पाकिस्तान लगातार युद्ध की गीदड़भभकी तो दे रहा लेकिन मन ही मन वहां भारत की कार्रवाई को लेकर दहशत है। अब पाकिस्तान के पूर्व पीएम नवाज शरीफ ने अपने छोटे भाई और पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ को नसीहत दी है। पूर्व पीएम नवाज ने शहबाज शरीफ से कहा है कि वे कूटनीतिक तरीके से तनाव को कम करने पर जोर दें। रविवार को पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ अपने बड़े भाई और पूर्व पीएम नवाज शरीफ से मिलने के लिए उनके आवास पर पहुंचे। शहबाज ने नवाज शरीफ को भारत की ओर से लगाए गए कड़े प्रतिबंधों की दी जानकारी दी।



साथ ही पाकिस्तान की राष्ट्रीय सुरक्षा समिति (एनएससी) की बैठक में लिए गए फैसलों के बारे में भी बताया। इस दौरान पंजाब प्रांत की मुख्यमंत्री मरियम नवाज भी मौजूद थीं। शहबाज ने अपने बड़े भाई को किसी भी आक्रमण का जवाब देने की तैयारियों के बारे में जानकारी दी। शहबाज ने कहा कि पहलगाम क्षेत्र में अस्थिरता पैदा करने के लिए आतंकी हमला भारतीयों ने किया है। वहीं सिंधु जल संधि को निलंबित करने के भारत के एकतरफा फैसले ने क्षेत्र में युद्ध के खतरे को बढ़ा दिया है।

# गाजा में रात भर इस्राइली लड़ाकू विमानों ने बरसाए बम, हमले में 27 फलस्तीनियों की मौत

**दीर अल-बलाह ।** गाजा में स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार, सोमवार रात को गाजा पट्टी पर इस्राइली हमलों में कम से कम 27 फलस्तीनी मारे गए। पिछले महीने हमास के साथ युद्ध विराम खत्म होने के बाद से इस्राइल ने गाजा पर रोजाना हमले किए हैं। मार्च की शुरूआत से ही इस्राइल ने क्षेत्र के दो लाख फलस्तीनियों को भोजन और दवा समेत सभी सुविधाओं से अलग-थलग पड़ गए हैं, जिसके बारे में इस्राइल का कहना है कि यह बंधकों को रिहा करने के लिए उग्रवादी समूह पर दबाव बनाने का प्रयास है।



## बेत लहिया में हवाई हमला, 10 लोगों की मौत

जानकारी के मुताबिक, बेत लहिया में एक घर पर हवाई हमला हुआ, जिसमें 10 लोग मारे गए, जिनमें एक फलस्तीनी कैदी अब्देल-फतह अबू महादी भी शामिल था, जिसे युद्ध विराम के तहत रिहा किया गया था। इंडोनेशियाई अस्पताल के अनुसार, हमले में उसकी पत्नी, उनके दो बच्चे और एक पोता भी मारे गए। गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय की आपातकालीन सेवा के अनुसार, गाजा शहर में एक और हमला हुआ, जिसमें दो महिलाओं समेत सात लोगों की मौत हो गई। दो अन्य लोग घायल हो गए।

**इस्राइली सेना ने हमले पर नहीं दी कोई प्रतिक्रिया :** स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, रविवार देर रात, दक्षिणी शहर खान यूनिस में एक घर पर हमला हुआ, जिसमें कम से कम 10 लोग मारे गए, जिनमें चार साल की उम्र के पांच भाई-बहन भी शामिल थे। नासिर अस्पताल के अनुसार, दो अन्य बच्चे अपने माता-पिता के साथ मारे गए। वहीं इस्राइली सेना की ओर से तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की गई। इस्राइल का कहना है कि वह नागरिकों को नुकसान पहुंचाने से बचने के लिए हर संभव प्रयास करता है और उनकी मौतों के लिए हमास को दोषी ठहराता है क्योंकि आतंकवादी घनी आबादी वाले इलाकों में काम करते हैं।

## गाजा में अब 52 हजार से ज्यादा फलस्तीनी मारे गए

गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, इस्राइल के जवाबी हमले में 52,000 से ज्यादा फलस्तीनी मारे गए हैं, जिनमें ज्यादातर महिलाएं और बच्चे हैं, लेकिन मंत्रालय ने यह नहीं बताया कि मरने वालों में कितने लड़ाके या नागरिक थे। इस्राइल की बमबारी और जमीनी कार्रवाई ने गाजा के कई बड़े क्षेत्रों को तबाह कर दिया है और अधिकांश आबादी बेघर हो गई है।

# खैबर पख्तूनख्वा में बम धमाके में सात की मौत, नौ घायल

**पेशावर ।** पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में एक शांति समिति के कार्यालय में सोमवार को हुए शक्तिशाली बम विस्फोट में कम से कम सात लोगों की मौत हो गई और नौ लोग घायल है। मामले में पुलिस ने बताया कि बम विस्फोट दक्षिण वजीरिस्तान जिले के मुख्यालय वाना में एक स्थानीय शांति समिति के कार्यालय में हुआ।



## किसी भी समूह ने नहीं ली हमले की जिम्मेदारी

घायलों का इलाज कर रहे अस्पताल प्रशासन के अनुसार, विस्फोट के बाद 16 घायल लोगों को अस्पताल लाया गया, जिनमें से सात की मौत हो गई। वहीं अभी तक किसी भी समूह ने विस्फोट की जिम्मेदारी नहीं ली है। पुलिस ने बताया कि विस्फोट इतना भीषण था कि इसने शांति समिति के कार्यालय की इमारत को नष्ट कर दिया और कई लोग मलबे में दब गए। सूचना मिलने पर बचाव दल और स्थानीय लोग घटनास्थल पर पहुंचे और घायलों को मलबे से निकालने का अभियान शुरू किया। घटनास्थल से पुलिस और एजेंसियों ने जुटाए साक्ष्य घायलों को पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। अस्पताल प्रशासन के अनुसार, घायलों में से कुछ की हालत गंभीर बताई जा रही है। वहीं पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों ने इलाके की घेराबंदी कर जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों ने कहा है कि घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र किए जा रहे हैं और विस्फोट के लिए जिम्मेदार लोगों का पता लगाने के लिए कई पहलुओं की जांच की जा रही है। एक दिन पहले सेना ने टीटीपी के 54 सदस्यों को मार गिराया बम विस्फोट उस समय हुआ जब सेना ने एक बड़े अभियान में सैनिकों ने अफगानिस्तान से देश में घुसने की कोशिश कर रहे उत्तरी वजीरिस्तान जिले में 54 आतंकवादियों को मार गिराया। सोमवार के हमले की जिम्मेदारी अभी तक किसी ने नहीं ली है, लेकिन इसका दोष पाकिस्तानी तालिबान पर पड़ने की संभावना है, जिसे तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान या टीटीपी के नाम से भी जाना जाता है और यह अक्सर सुरक्षा बलों और नागरिकों को निशाना बनाता है।

# सभापति दिनेश गोयल ने विद्युत विभाग के उच्चाधिकारियों के साथ की बैठक

## कहा ओवर लोडिंग के कारण जहां-जहां फाल्ट हो रहे हैं उन स्थानों पर ज्यादा पावर के ट्रासफार्मर लगाए जाएं

**- विद्युत उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो इसके लिए विद्युत विभाग के उच्चाधिकारी को सीधे जनता से संवाद करने के दिए निर्देश**






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मथुरा कलेक्ट्रेट में दिनेश कुमार गोयल, सभापति प्रदेशीय विद्युत व्यवस्था संबंधी जॉच समिति की अध्यक्षता में गार्ड ऑफ ऑनर के पश्चात सोमवार को समिति के सदस्यों के साथ एवं चन्द्रप्रकाश सिंह जिलाधिकारी मथुरा, मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी, चीफ विद्युत विभाग व विद्युत विभाग के उच्चाधिकारियों के साथ मिलकर जनपद मथुरा के विद्युत विभाग से सम्बन्धित कार्यो की समीक्षा बैठक की। सभापति दिनेश कुमार गोयल ने विद्युत विभाग की समीक्षा में पूछा शहरी/ग्रामीण क्षेत्रों में विगत एक वर्ष में कुल कितने ट्रासफार्मर जले, उनकी मरम्मत में कितना व्यय हुआ, विद्युत लाइन लास कितने प्रतिशत है, लाइन ठीक कराये जाने की क्या व्यवस्था है व सब स्टेशन पर कितने कर्मचारी फीडर वार कार्यरत है इन सभी महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर सम्बन्धित अधिकारियों से वार्ता की। साथ ही अधिकारियों द्वारा रिकार्ड में की गयी त्रुटियों को भविष्य सही करने के निर्देश के साथ भविष्य में ऐसा न करने की चेतावनी दी गयी। साथ ही कहा कि विद्युत उपोक्ताओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो इसके लिए विद्युत विभाग के उच्चाधिकारी सीधे जनता से संवाद करें और उनकी समस्याओं का निराकरण करें। उन्होंने कहा कि जहां जहां ओवर लोडिग को लेकर फाल्ट हो रहे है उन स्थानों पर ज्यादा पावर के ट्रासफार्मर लगाए जाए।

इस मीटिग के दौरान सभापति दिनेश कुमार गोयल के साथ विजय बहादुर पाठक, अश्वनी त्यागी, डॉ रतन पाल सिंह, जितेन्द्र सिंह सेंगर सदस्यगण विधान परिषद व जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, अपरजिलाधिकारी, चीफ विद्युत विभाग व विद्युत विभाग से सम्बन्धित सभी उच्चाधिकारी मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय व्यापार मंडल ने भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल का किया भव्य स्वागत



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राष्ट्रीय व्यापार मंडल (रजि.) गाजियाबाद के जिलाध्यक्ष बालकिशन गुप्ता 'बालू भाई' एवं राष्ट्रीय सचिव प्रदीप चौधरी के नेतृत्व में सैकड़ों व्यापारियों ने भाजपा के नवनिर्वाचित महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल का भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया।

कार्यक्रम के दौरान व्यापारियों ने मयंक गोयल को अपनी शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में गाजियाबाद महानगर भाजपा संगठन और अधिक सशक्त, ऊजार्वान और जनहितैषी बनेगा। बालकिशन गुप्ता 'बालू भाई' ने कहा, मयंक गोयल जैसे ऊजार्वान, संगठनकर्ता और सबको साथ लेकर चलने वाले नेता का भाजपा महानगर अध्यक्ष बनना न केवल पार्टी के लिए बल्कि व्यापारी समाज के लिए भी शुभ संकेत है। उनके नेतृत्व में निश्चित रूप से व्यापारियों की समस्याओं का समाधान और सहभागिता को नई दिशा मिलेगी।

इस अवसर पर राष्ट्रीय व्यापार मंडल के विभिन्न पदाधिकारी, व्यापारी संगठन से जुड़े गणमान्य व्यापारी, युवा उद्यमी एवं सामाजिक कार्यकर्ता भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का वातावरण व्यापारिक एकता, संगठनात्मक ऊर्जा और राष्ट्रहित के संकल्प से ओत-प्रोत रहा।




▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि हम थे नगर निगम की बोर्ड वाली मीटिंग में मौजूद? वहां पर निकल कर आ रहा था राजीव भैया के मुख से उपाध्यक्ष वाला उद्गार? वो किसी से कह रहे थे कि जबसे उपाध्यक्ष मैं बना हूं? तब से मैंने निगम वाला कमरा नहीं खोला? अब आगे भी रहेगा मेरा यही किरदार? मैंने कर लिया है खुद से ये इरादा? छोड़ दूंगा उस कमरे में अपनी कुर्सी और फ्रिज? जिनसे मैंने वहां की व्यवस्था को था साधा? क्या करना है हमें इन चीजों का, जब हमें कार्यकाल मिला है आधा?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि हाथ वाले पार्षद अजय शर्मा वन नेशन वन इलैक्शन वाली मीटिंग में रखना चाह रहे थे अपने मन की बात? बार-बार वो उठा रहे थे अपने हाथ? सोचने वालों ने सोचा कि वो इस मैटर में विरोध में करेंगे बात? इसलिए किसी ने कह दिया हम पीएम के खिलाफ नहीं सुनेंगे आपकी बात? बाद में पता चला वो देना चाह रहे थे इस मामले में कुछ सुझाव? जिस पर पार्षद प्रवीण चौधरी ने भी किया उनका समर्थन? तब कहीं जाकर कम हुआ तनाव?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि 76 नंबर के एरिया से निकल कर बात आ रही है बाहर? यहां पर सबर्मिसबल लगाने के लिए कोई रेट वसूल रहा है तीस हजार? पता चला है पांडे और चौहान दे रहे हैं इस मुहिम को अंजाम? कहने वाले ने कहा हमें अपने ईमानदार मैम्बर पर बहुत गर्व है? हमें पता है अगर उन तक पहुंचेगी ये बात? तब वो इस वसूली का कर देंगे काम तमाम? उनकी कई तारीफें हैं हमारे तक आई? ठाकुर साहब कुछ भी बर्दाश्त कर सकते हैं? लेकिन बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं करते वो अवैध उगाही?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि लाजपत वाले एरिया के मिस्टर सूद के अरमान हैं बहुत खूब? वो जहां रहते है वहीं से बनाना चाहते हैं अपना वजूद? सुना है वो किसी से कह रहे थे बात? कह रहे थे मेरा वजूद है 86 नंबर, मेरे यहीं से जुड़े हैं जज्बात? मैं इसके अलावा नहीं रखूंगा किसी दूसरे नंबर पर कदम? चुनाव मुझे यहीं से लड़ना है, मुझे है मौजूदा वालों की कसम?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि नदिया पार में छाए रहते हैं कमांडर के दोस्त पहलवान? मगर ना जाने क्यों शालीमार वाले इलाके में बदल जाता है उनका सक्रियता वाला प्लान? कहने वाले ने कहा वो यहां के मंडल के कार्यक्रमों में आजकल नहीं ले रहे हैं हिस्सा? कहने वाले ने कहा हमें समझ नहीं आ रहा है उनका ये किस्सा? या तो मौजूदा भगवा कमिश्नर नहीं भेज रहे हें उनको कार्यक्रम के पैगाम? या फिर पहलवान ने इन कार्यक्रमों से खुद ही दूरी बनाई हुई है श्रीमान?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि आप ये मत समझो कि भगवा रेड फेस मैन और गागर में सागर भरने वाले नागर जी के बीच में कम हुआ है प्यार? हम तो हैरान उस वक्त हुए जब बदलने वालों ने रेड फेस मैन की बिरादरी बदल दी यार? उनसे मिलने आये हुए चेहरों ने उन्हें नागर कह कर की नमस्ते वाली पुकार? हमने देखा रेड फेस मैन ने इस बात पर किसी को करेक्ट नहीं किया? नागर सुनना ही उन्होंने किया स्वीकार? सामने वाले लगातार उन्हें कह रहे थे नागर और वो भरे जा रहे थे अपने मन के गागर में ये वाला सागर?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि यूं ही नहीं पड़ रही भाजपा में जान? कहने वाले ने कहा भगवा वालों से तो ज्यादा बाहर से आये हुए चेहरे पार्टी को मजबूती देने के लिए कर रहे हैं प्रोग्राम? कहने वाले ने कहा एक वक्त जो तीन चेहरे थे हाथी पर सवार? हमें पता चला है तीनों मिलकर भाजपा का कार्यक्रम करने जा रहे हैं जोरदार? भगवान परशुराम जी की जयंती पर तीनों ने कर लिया है बड़ा वाला हॉल बुक? तीनों नीले से नारंगी हो चुके हैं? भगवा रंग में वो इस कदर खो चुके हैं?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि जिस वक्त हो रही थी भाजपा नेता धीरज शर्मा के साथ बर्बरता? उस वक्त विधायक अजीत पाल त्यागी पारिवारिक कार्यक्रम में थे प्रदेश से बाहर? नहीं तो ऐसा हो ही नहीं सकता था कि वो अपने प्रिय धीरज के लिए थाने में पहुंच कर नहीं देते दीदार? कहने वाले ने कहा दूर रहकर भी उन्होंने बढ़ाया था फोन से धीरज शर्मा का हौंसला? कहने वाले ने कहा कि विधायक अजीत पाल त्यागी का ये लगाव ही है कार्यकर्ताओं को भाता? इसलिए सब बनाकर चलना चाहते हैं उनसे नाता?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवागढ़ के कुछ चेहरे जो इस वक्त नहीं जा रहे है विधायक संजीव शर्मा के द्वार? हमें अंदरखाने पता चला है ये चेहरे कर रहे हैं बस भगवा योद्धा की टीम में पद मिलने का इंतजार? पद मिलते ही ये बदल लेंगे अपना रूप? फिर विधायक जी के यहां पर ये चेहरे दिखाई देंगे खूब? बस इस वक्त वो नहीं कर रहे हैं उनसे मुलाकात? ताकि सामने वाले के हाथ में लग ना जाये कोई प्रूफ?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि हम बैठे थे विधायक संजीव शर्मा के निकट? हमने देखा कोई उनके पास लेकर पहुंचा था साहिबाबाद के कार्यक्रम का लेकर पैगाम? हमने सुना विधायक ने इन लोगों के आग्रह को तो स्वीकार किया? मगर यह भी कह दिया कि मैं आपके प्रोग्राम में शामिल नहीं हो पाऊंगा श्रीमान? सामने वालों ने कहा आप अगर हमारे कार्यक्रम में नहीं आयेगे तो हमको नहीं आयेगा मजा? तब सजीव शर्मा ने कहा मैं अब अपनी विधानसभा के कार्यक्रमों में ही शामिल होता हूं मेरे नहीं आने की है यही एक वजह?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

# भागीरथ पब्लिक स्कूल में स्वास्थ्य जांच एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भागीरथ पब्लिक स्कूल परिसर में सोमवार को विद्यार्थियों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए एक दंत जांच एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. संजय यादव और उनकी अनुभवी टीम द्वारा किया गया। डॉ. संजय यादव ने बच्चों को सही तरीके से दांत साफ करने, दिन में दो बार ब्रश करने, मीठे खाद्य पदार्थों से बचने और नियमित रूप से दंत चिकित्सक से जांच कराने के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में छात्रों को व्यक्तिगत दंत जांच रिपोर्ट और एक डेंटल हाइजीन किट भी दी गई, जिससे वे घर पर भी नियमित देखभाल कर सकें। विद्यालय प्रबंधक अनादि सुकुल ने डॉ. संजय यादव एवं उनकी टीम का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों के संपूर्ण स्वास्थ्य विकास में सहायक होते हैं।

# 10 मई को गाजियाबाद में राष्ट्रीय लोक अदालत

**- सभी विभाग के अधिकारियों को जिम्मेदारी, अधिक से अधिक वाद निस्तारण करें**




**गाजियाबाद करंट क्राइम।** 10 मई को गाजियाबाद में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए तैयारी शुरू कर दी गई हैं। सभी विभाग के अधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है कि अधिक से अधिक वाद निस्तारण करें। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गाजियाबाद ने आगामी लोक अदालत की तारीख जारी की है।राष्ट्रीय लोक अदालत में सभी प्रकार के शमनीय आपराधिक मामले के वाद प्रकरण शामिल किए जाएंगे। इनके अलावा चैक बाउंस से सम्बन्धित धारा 138 एनआई एक्ट के वाद रहेंगे। बैंक रिकवरी से सम्बन्धित वाद का निस्तारण भी किया जाएगा। आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए सभी विभाग के अधिकारियों को जिला न्यायाधीश द्वारा जिम्मेदारी दी गई है। जिससे राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाया जा सके। इसमें मोटर दुर्घटना, श्रमवाद, बिजली व पानी से सम्बन्धित वाद, वैवाहिक और परिवार वाद, सेवा निवृत्ति से सम्बन्धित मामलों की सुनवाई होगी। राजस्व व अन्य सिविल वाद का भी समाधान किया जा सकेगा।

**लोक अदालत के लाभ**

पक्षों के मध्य आपसी सुलह समझौते के आधार पर विवाद का निस्तारण पक्षकार व्यक्तिगत स्तर पर स्वयं पहल कर सकते हैं। लोक अदालत के निर्णय के खिलाफ कोई अपील नहीं की जा सकती। लोक अदालत में निस्तारण के लिए किसी प्रकार का शुल्क नहीं देय होगा। लंबित मामले के लोक अदालत में निस्तारण पर न्यायशुल्क की वापसी की व्यवस्था होगी।

# दूल्हे ने समाज के लिए अनूठी मिसाल पेश की

## सगाई समारोह में लड़की पक्ष से 11 लाख रुपए कैश लेने से किया इंकार



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भीकनपुर गांव में विश्वजीत सिंह पुत्र अरुण सिंह कलकल (परिवारिक रिश्ते में अजय प्रमुख के पोते) ने सगाई समारोह आयोजित हुआ। लड़की पक्ष से भाई शिवम पुत्र चौ. श्याम सिंह अहलावत तिलक चढ़ाने मुजफ्फरनगर जिले से रैकडा (भोपा) गांव से आए थे। सगाई समारोह में लड़की पक्ष की तरफ से 11 लाख रुपए कैश दे रहे थे जिसको मौके पर लड़के विश्वजीत ने मना कर समाज के लिए एक अनूठी मिसाल पेश की है, और दहेज लेने के खिलाफ एक नई मुहिम छेड़ी।

# टीकाकरण के लिए पोर्टल पर शुरू हुई ऑनलाइन स्लॉट बुकिंग

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** नियमित टीकाकरण कार्यक्रम को सशक्त और पारदर्शी बनाने के लिए ऑनलाइन स्लॉट बुकिंग की सुविधा शुरू की गई है। प्रमुख सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण के निर्देश पर यह पहल की गई है। इसका उद्देश्य गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों को समय पर टीकाकरण सुनिश्चित करना है।

नोडल अधिकारी डॉ. रविंद्र कुमार ने बताया कि टीकाकरण कराने वाला युविन सेल्फ रजिस्ट्रेशन डॉट एमओएचडब्ल्यू डॉट जीओवी डॉट इन पोर्टल पर जाकर ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं। इसके लिए मोबाइल नंबर दर्ज कर ओटीपी के माध्यम से सत्यापन करना होगा। पंजीकरण के बाद एड मेंबर विकल्प पर जाकर गर्भवती महिला का नाम, आधार संख्या तथा अंतिम मासिक धर्म तिथि (एलएमपी) भरना आवश्यक है। बच्चों के पंजीकरण के लिए सबसे पहले उनके माता-पिता या अभिभावक का स्वयं का पंजीकरण करना अनिवार्य है।

# एडिशनल सीपी कल्पना सक्सैना ने किया वैशाली फायर स्टेशन का निरीक्षण




गाजियाबाद करंट क्राइम। सोमवार को कल्पना सक्सेना , अतिरिक्त पुलिस आयुक्त मुख्यालय कमिश्नरेट-गाजियाबाद द्वारा वैशाली फायर स्टेशन कमिश्नरेट गाजियाबाद का भ्रमण/ निरीक्षण कर आगामी ग्रीष्मकाल (माह मई-जून) के मौसम में होने वाली फायर फाइटिंग से सम्बन्धित चुनौतियों से निपटने हेतु समीक्षा की गयी और मौकड्रिल कराई गई ।

# एडिशनल सीपी आलोक प्रियदर्शी ने किया कई थानों का निरीक्षण




गाजियाबाद करंट क्राइम। सोमवार को पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के एडिशनल सीपी आलोक प्रियदर्शी ने ग्रामीण जोन के थाना लोनी, अंकुर विहार, ट्रोनिका सिटी पर भ्रमण कर महिला हेल्प डेस्क, थाना कार्यालय, मालखाना, महत्वपूर्ण रजिस्ट्रर, साइबर क्राइम थाना, थाने पर लगे समस्त सीसीटीवी कैमरों आदि का निरीक्षण किया गया व पुलिस बीट प्रणाली, थाना पर निमार्धीन आवासीय भवन का निरीक्षण किया गया और अन्य आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये ।

# राज्यसभा सांसद डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेई ने वितरित की 55 सैनिटरी पैड वेंडिंग मशीनें





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** महिला सशक्तिकरण और बालिका कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता देने वाले हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लाल किले की प्राचीर से जब ₹नारी शक्ति₹ के सशक्तिकरण का आह्वान किया था।

कार्यक्रम के दौरान राज्यसभा सांसद व मुख्य सचेतक लक्ष्मीकांत वाजपेई ने कहा स्कूलों में पढ़ने वाली छात्राओं को सेनेटरी पैड लेने के लिए शर्मिंदगी या झिझक का सामना नहीं करना पड़ेगा। स्कूलों में ही छात्राओं को सेनेटरीपैड मुहैया करवाएगा। सोमवार को 55 सेनेटरी वेंडिंग मशीनें वितरित की गई है। पहले ओएनजीसी के सहयोग से प्रदेश के दो जिले हापुड़ व मेरठ में 15,000 कुपोषित बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को पोषण किट वितरित कर कुपोषण के खिलाफ व्यापक कार्य किया गया।

अब इस प्रयास को एक नई दिशा देते हुए, ई आईएल के सहयोग से उत्तर प्रदेश के चार जिलों-मेरठ, गाज़ियाबाद, कानपुर देहात और उन्नाव के शासकीय विद्यालयों में 75 सैनिटरी पैड वेंडिंग मशीनों का स्थापना कार्य प्रारंभ किया गया है। इसके साथ ही, प्रत्येक मशीन के लिए 6 महीने के रिफिल पैड्स भी प्रदान किए जा रहे हैं। जिसमे मेरठ को 55 मशीनें, गाज़ियाबाद को 7 मशीनें, कानपुर देहात में 6 मशीनें और उन्नाव को 7 मशीनें प्रदान की गई। यह पहल न केवल किशोरी बालिकाओं को मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता बनाए रखने में सहायक होगी। बल्कि उनमें स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता भी उत्पन्न करेगी। 6 माह के उपरांत इन मशीनों का नियमित रिफिल कार्य उत्तर प्रदेश सरकार योजनाओं के अंतर्गत सुनिश्चित किया जाएगा। यह जानकारी कार्यक्रम संयोजक अनमोल खन्ना ने दी। इस मौके पर वर्तिका शुक्ला, विवेक अवस्थी, अवनीश त्रिपाठी, मुख्य विकास अधिकारी नूपुर गोयल मौजूद रहे।

# स्मैक तस्करी का भंडाफोड़ गाजियाबाद में दो तस्कर गिरफ्तार, 32 लाख की स्मैक जब्त






**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद क्राइम ब्रांच ने मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से 320 ग्राम स्मैक बरामद की गई है। इसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 32 लाख रुपये है।

एडीसीपी क्राइम पीयूष सिंह के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी झारखंड के विनोद कुमार (19) और झांसी के अमित वर्मा हैं। आरोपियों ने बताया कि वे एक संगठित गिरोह का हिस्सा हैं। इस गिरोह का संचालन झारखंड से होता है। यह गैंग दिल्ली, एनसीआर, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और हरियाणा में स्मैक की आपूर्ति करता था।

पुलिस को सूचना मिली थी कि क्षेत्र में मादक पदार्थों की तस्करी हो रही है। इस सूचना पर कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को पकड़ा गया। आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि वे झारखंड से स्मैक लाकर दिल्ली और आसपास के इलाकों में बेचते थे। गिरोह का सरगना झारखंड से नेटवर्क का संचालन करता था। वह तकनीक का इस्तेमाल कर देश भर में संपर्क बनाता था। आरोपी सप्लाई के लिए पार्क, मॉल या रेलवे स्टेशन जैसे सार्वजनिक स्थलों का इस्तेमाल करते थे।

पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। गिरोह के अन्य सदस्यों और मुख्य सरगना की तलाश के लिए टीमें गठित की गई हैं।

# दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे

Ajay Pramukh Rld is with चेयरमैन अमरजीत सिंह बिड़ड़ी and 6 others.
2h

बड़े भाई एडवोकेट कुंवर अयूब अली राष्ट्रीय लोकदल के वरिष्ठ नेता और भाभी को एक कुशल वैवाहिक जीवन की बहुत-बहुत हार्दिक शुभकामनाएं । 🙏🙏



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। रालोद नेता अजय प्रमुख ने अपनी एक पोस्ट के जरिए ये संदेश दिया कि रिश्ते दिल के हों तो हमेशा मिठास रहती है। उन्होंने कुंवर अयूब अली को उनकी मैरिज ऐनीवर्सी की शुभकामनाएं देते हुए उनकी सफल सुखद, खुशहाल वैवाहिक जीवन की कामना की। अजय प्रमुख ने अपनी खुशी को सोशल मीडिया पर साझा किया। उनकी यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।